Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 06 August 2024 ● Year : 02 ● Issue : 199 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

मैंने एक दिन एक किताब पढ़ी और मेरा पूरा जीवन बदल गया।

–ओरहान पामुक

Taapsee Pannu Drops Another...

SHARE

सेंसेक्स	:	78,759.40
निफ्टी	:	24,055.60

SARAFA

सोना	:	6,640
चांदी	:	91.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

कैबिनेट की बैठक कल होंगे कई महत्वपूर्ण फैसले

RANCHI : झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 7 अगस्त को बुलाई गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम 4:00 बजे से प्रोजेक्ट में कैबिनेट की बैठक होगी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलने पर सहमति

RANCHI : झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन किए जाने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी है। अब इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। सीएम की सहमति मिलने से पलामू के लोगों में खुशी की लहर है। झारखंड के पलामू जिले में डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन है। लंबे समय से इस रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग की जा रही है। शहर का नाम डाल्टनगंज से बदलकर मेदिनीनगर पहले ही कर दिया गया है, लेकिन रेलवे स्टेशन का नाम नहीं बदला गया था। पलामू के लोगों की ये पुरानी मांग थी।

वायनाड लैंडस्लाइड में मृतकों की तादाद हुई 387

WAYNAD : केरल के वायनाड में 29 जुलाई की देर रात बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 387 हो चुकी है। इनमें से 172 की पहचान हुई है। 180 लोग अब भी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन का सोमवार को 7वां दिन था। एजेंसी के मुताबिक, वायनाड के चूरलमाला के एक प्राइवेट हॉस्पिटल की स्टाफ नीतू जोजो इस हादसे की पहली इनफॉर्मर थीं। उन्होंने इमरजेंसी सर्विस को सबसे पर अलर्ट कर मदद की गुहार लगाई थी। नीतू ने डॉ. शानावास पल्लियाल को भी फोन किया था, जो उसी हॉस्पिटल में डिप्टी जनरल मैनेजर हैं, जहां नीतू काम करती थीं। डॉ. पल्लियाल ने बताया कि 29 जुलाई को पहली लैंडस्लाइड के बाद नीतू का कॉल आया। उन्होंने घबराते हुए कहा- हमारे घरों में पानी भर गया है। मलबा आ रहा है।

शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 2,200 अंक से अधिक टूटा

NEW DELHI : सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में जोरदार गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 2,200 अंक से अधिक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 662 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नरमी की आशंका के बीच वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोर रुख का असर घरेलू बाजार पर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,222.55 अंक यानी 2.74 प्रतिशत लुढ़क कर एक महीने के निचले स्तर 78,759.40 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चार जून, 2024 के बाद एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। उस दिन यह 2,686.09 अंक टूटकर 78,295.86 अंक पर बंद हुआ था। 662.10 अंक यानी 2.68 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,055.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 824 अंक लुढ़क कर 23,893.70 अंक तक आ गया था।

3 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

सावन की तीसरी सोमवारी बाबा धाम में उमड़े शिवभक्त

PHOTON NEWS DEOGHAR : सावन की तीसरी सोमवारी पर देवघर जिले के बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ देखने को मिली। सोमवार को सुबह से ही मंदिर में बने ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन देखने को मिली। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि तीसरी सोमवारी के मौके पर करीब तीन लाख से ज्यादा लोगों ने जलाभिषेक किया। तीसरी सोमवारी को कई अनोखे बम भी देखने को मिले। ऐसे ही एक अनोखे बम कोलकाता से आए, जो अब तक के सबसे बड़े कांवर लेकर बाबा धाम पहुंचे हैं। 15 फिट के इस कांवर में 100 घंटियां, कलश और नागफन लगे हुए हैं। इसे कलकत्ता के दस कांवरियों ने मिलकर देवघर मंदिर लाया और तीसरी सोमवारी को



जलाभिषेक किया। बता दें कि सावन की तीसरी सोमवारी बेहद खास है और आज ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर रहे हैं ताकि भक्तों पर उनका आशीर्वाद बना रहे। वहीं, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते जिला प्रशासन भी चौकस निगरानी में हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए देवघर के डीसी विशाल सागर और मधुपुर एसडीएम ने पूरे मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने कहा कि कई जगहों पर लाइन की गति धीमी है।

प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री आवास पर कर लिया है कब्जा

हिंसा के बाद बांग्लादेश की पीएम हसीना ने किया रिजाइन, छोड़ा देश

AGENCY NEW DELHI : बांग्लादेश में 2 महीने से चल रहे आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को अपने पद से रिजाइन कर दिया। हिंसक माहौल के चलते शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। वे सेना के हेलीकॉप्टर से लगभग 2:30 बजे रवाना हुईं। खबरों के मुताबिक उनकी बहन रेहाना भी साथ हैं। वे बंगाल के रास्ते दिल्ली पहुंच रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि शेख हसीना दिल्ली से लंदन रवाना हो सकती हैं। उसके बाद वे फिनलैंड या दूसरे देश जा सकती हैं। हालांकि अभी तक कुछ भी कन्फर्म नहीं है। बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने कहा, हम अंतरिम सरकार बनाएंगे, देश को अब हम संभालेंगे। आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। इससे पहले पड़ोसी देश श्रीलंका में आर्थिक संकट के बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की सरकार के खिलाफ हिंसक आंदोलन हुआ था।

- सेना के हेलीकॉप्टर से हुई रवाना, उनकी बहन रेहाना भी हैं साथ
- आर्मी ने कहा- आंदोलन में हुई जिनकी हत्या, उन्हें मिलेगा इंसाफ

पुलिस पीछे हटी, सेना ने संभाला मोर्चा

प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और उनके ढाका छोड़ने की खबर के बीच वहां की पुलिस पीछे हट गई और सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। प्रदर्शन को लेकर शेख हसीना और सेना के बीच टकराव की स्थिति बन गई थी। सभी जनरलों ने सेना उतारने का विरोध किया था। पूर्व सेना अफसर भी सरकार के विरोध में उतरे। सेना ने सरकार से तुरंत पीछे हटने को कहा था। सेना ने प्रदर्शनकारियों पर सख्ती से इनकार किया था। प्रदर्शनकारी विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं जिसके तहत 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले लड़ाकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। सरकार ने छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद 2018 में इस पर रोक लगा दी थी, लेकिन जून में बांग्लादेश के हाई कोर्ट ने आरक्षण बहाल कर दिया था।

ढाका में चार लाख लोग सड़कों पर

बताया जाता है कि सोमवार को प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास में दाखिल हुए। तोड़फोड़ और आगजनी की। राजधानी ढाका में 4 लाख लोग सड़कों पर हैं, जगह-जगह तोड़फोड़ की जा रही है। पुलिस-प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में सोमवार को 6 लोग मारे गए। प्रदर्शनकारियों ने 2 हाईवे पर कब्जा किया। अब तक 300 लोगों की जान गई है। इनमें ज्यादातर छात्र हैं। बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश पर अलर्ट बढ़ा दिया है आर्मी ने देश की प्रमुख पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की है। 18 सदस्यीय अंतरिम

भारतीय सीमा पर हाई अलर्ट

बांग्लादेश के हालात को देखते हुए सीमा सुरक्षा बल ने 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी सभी यूनिट के लिए सोमवार को हाई अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीएसएफ ने अपने सभी फील्ड कमांडर को निर्देश दिया है कि वे सभी कर्मियों को सीमा पर ड्यूटी पर तुरंत तैनात करें।

तीसरी सोमवारी पर हाई टेंशन तार की चपेट में आए 9 श्रद्धालु, चली गई जान

हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद फायर ब्रिगेड व स्थानीय लोग।

AGENCY HAJIPUR : सावन की तीसरी सोमवारी पर बिहार के हाजीपुर में बाबा हरिहर नाथ को जलाभिषेक करने सोनपुर जा रहे 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। श्रद्धालुओं की डीजे ट्रॉली हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। हादसा हाजीपुर इंडस्ट्रियल थाने के सुल्तानपुर गांव में रात करीब 12 बजे हुआ है। चंद सेकेंड में हादसा हो गया। 15 सेकेंड तक शव ट्रॉली से चिपके रहे। करंट लगने के बाद लोगों के शव जलते रहे। बताया जा रहा है कि डीजे ट्रॉली पर 12-15 लोग सवार थे। 9 की मौत हुई, 2 घायल हुए हैं, बाकी लोग बच गए। हम जानते हैं कि सावन के महीने में गांव के लोग हर सोमवार को पास के हरिहर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जाते हैं।

- बिहार के हाजीपुर में दर्दनाक हादसा मची चीख-पुकार
- 15 सेकेंड तक शव ट्रॉली से चिपके रहे करंट से जलने लगे
- डीजे ट्रॉली पर सवार थे 15 लोग

रविवार की रात भी गांव के लोग जलाभिषेक के लिए निकले थे। इसके लिए डीजे ट्रॉली का भी इंतजाम किया था, लेकिन गांव की खराब सड़क से डीजे ट्रॉली को निकालने के दौरान ही ट्रॉली सड़क के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई।

30 मीटर के डिस्टेंस से बच गई 150 जानें

स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रॉली पर करीब 15 लोग थे, जबकि 150 लोगों का जत्था ट्राली के पीछे-पीछे चल रहा था। ट्रॉली और जत्थे के बीच 30-35 मीटर की दूरी रही होगी। जैसे ही ट्रॉली तार से टकराई, ब्लास्ट होने लगा। ये देखकर पीछे वाले लोग डर से और पीछे हो गए। अगर सभी ट्रॉली के साथ या आसपास होते तो मरने वालों और घायलों की संख्या बहुत बड़ी हो सकती थी। मृतक आमोद कुमार के पिता देवी लाल ने बताया कि ट्रॉली जा रही थी। उसमें तार सटने से करंट लगा। लाइट आधे घंटे के बाद कटी है। सभी बाबा हरिहरनाथ जा रहे थे। पीछे बहुत लोग थे। आगे कम ही लोग थे, जो भी उसकी चपेट में आएं उनकी मौत हो गई। ज्यादा लोग होते आगे तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय धर्मेंद्र कुमार पासवान ने बताया कि इस एरिया के बिजलीकर्मियों को फोन करने पर भी फोन नहीं उठाया है। बात हुई तो वो बोला कि पुलिसवालों को बताइए यहां 9 लोग मर गए हैं। घायल शिवम कुमार ने कहा कि करंट लगते ही लोग गिर गए। तार ब्लास्ट होने लगा। हम लोग सुल्तानपुर से जल भरने पहलेजा जा रहे थे। इसके बाद हरिहरनाथ मंदिर निकलते। आदमी तो बहुत थे, बहुत घायल भी हुए हैं।

मंईयां सम्मान योजना में आ रही तकनीकी समस्याओं को शीघ्र करें दूर

सीएम हेमंत ने 5 दिन कैंप बढ़ाने का दिया निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत पर एक्स हैंडल पर पोस्ट कर झारखंड की बहनों को बहुत-बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने में बहनों को आ रही शुरूआती परेशानी के बारे में उन्हें जानकारी मिली है। योजना को लेकर आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए उन्होंने निर्देश दिया है। इस मामले को लेकर वरीय पदाधिकारियों की भी बैठक हुई है। योजना को लेकर दिख रहे उत्साह को लेकर उन्होंने पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। सीएम ने कहा कि सभी बहनों को यह बताना चाहता हूं कि यह हमेशा चलने वाली योजना है। योजना का लाभ लेने के लिए कोई समय सीमा नहीं है। विशेष कैंप के आयोजन के बाद भी जरूरतमंद बहनें कभी भी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर इस योजना का लाभ ले सकेंगी। योजना से लोगों को आसानी से लाभ मिले। इसलिए 10 अगस्त तक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसे और 5 दिन बढ़ाने का निर्देश दिया है।

बिचौलियों की सूचना मिलते ही प्रशासन करे कार्रवाई : मुख्यमंत्री

हेमंत ने कहा कि उन्हें यह भी जानकारी मिली है कि योजना में बहनों को मिल रहे लाभ को देखते हुए कहीं-कहीं कुछ बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी को बताना चाहते हैं कि इस योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है, इसलिए बिचौलियों से सावधान रहें। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि कहीं भी बिचौलियों की सूचना मिले, तो उनपर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यह बहनों की योजना है। राज्य की लाखों बहनों को हर साल 12 हजार रुपए मिलेगा। यही झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लक्ष्य है, यही उनका भी लक्ष्य है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड की 21 से 50 वर्ष की सभी महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपया देने का प्रावधान है।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी व अखनूर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

SRINAGAR : जम्मू-कश्मीर के अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर्स में 4-5 अगस्त को रात लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश सेना ने नाकाम कर दी। संदिग्धों के बॉर्डर क्रॉस करने के दौरान सेना ने फायरिंग की, हालांकि दूसरी तरफ से गोलीबारी नहीं हुई। सेना के अधिकारियों ने बताया कि अखनूर के बट्टल सेक्टर में 3 से 4 घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि के बाद सेना ने डेढ़ बजे गोलीबारी की। इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया गया। इलाके की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इससे पहले राजौरी जिले के सुंदरबनी-नौशेरा सेक्टर में रात 12.30 बजे संदिग्ध गतिविधि देखी गई। पुलवामा के अवंतीपोरा के पंजगाम इलाके में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक पिस्तौल, 2 मैगजीन और गोला-बारूद बरामद किया गया। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35 ए हटने के पांच साल आज पूरे हो गए हैं। इसके चलते सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आने-जाने वाले हर व्यक्ति और गाड़ी पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं सुरक्षा कारणों की वजह से अमरनाथ यात्रा को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 हटने के बाद राज्य का स्पेशल स्टेटस खत्म हो गया था। साथ ही राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था। वहीं बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए हर साल होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई जो 19 अगस्त तक चलेगी।

वायु सेना ने दिया प्रोडक्शन क्लीयरेंस, 110 किलोमीटर रेंज

200 नए अस्त्र मार्क-1 मिसाइल बनाएगा डीआरडीओ

AGENCY NEW DELHI : वायुसेना ने डिफेंस रिसर्च डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) और भारत डायनामिक्स लिमिटेड को 200 नए अस्त्र मार्क-1 मिसाइल बनाने का प्रोडक्शन क्लीयरेंस दे दिया है। 110 किलोमीटर रेंज की इस एयर-टु-एयर मिसाइल का इस्तेमाल वायु सेना लंबे समय से कर रही है। इसे सुखोई-30 और तेजस फाइटर जेट के जरिए फायर किया जा सकता है। एजेंसी ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने 2022-23 में इस 2900 करोड़ के प्रोजेक्ट को अप्रूवल दिया गया था। वायु सेना के डिप्टी चीफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने हाल ही में हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की डेवलपमेंट लैब का दौरा किया था। इसी दौरान इन मिसाइल का प्रोडक्शन क्लीयरेंस दिया गया है।

- इसका वजन 154 किलो लंबाई 3.84 मीटर और चौड़ाई 178 एमएम
- तकनीकी और आर्थिक रूप से बाकी मिसाइलों से बेहतर
- 2900 करोड़ के प्रोजेक्ट को 2022-23 में मिली थी मंजूरी

यह बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अस्त्र एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल है। यानी जहां किसी फाइटर जेट या अटैक हेलिकॉप्टर का पायलट नहीं देख सकता, वहां भी यह मिसाइल एकदम सटीक हमला करती है। इसका वजन 154 किलोग्राम, लंबाई 3.84 मीटर और चौड़ाई 178 एमएम है। इसके साथ ही यह तकनीकी और आर्थिक रूप से बाकी मिसाइलों से बेहतर है।

जल्द होगा मार्क-2 का भी ट्रायल

भारतीय वायुसेना जल्द ही अस्त्र एमके-2 मिसाइल का ट्रायल भी करने वाली है। अस्त्र मार्क-1 का अपग्रेडेड वर्जन होगा। यह मिसाइल भी बियॉन्ड विजुअल रेंज कैटेगरी में आती है। अस्त्र मार्क-2 का भी 200 मिसाइलों का ऑर्डर जल्द हो सकता है। इसमें ऑप्टिकल प्रॉक्सीमिटी फ्यूज लगा है, जो अस्त्र मार्क-1 में नहीं है। ऑप्टिकल प्रॉक्सीमिटी फ्यूज से मिसाइल टारगेट पर सटीक नजर रख सकने में कामयाब होती है। टारगेट कितना भी दाएं-बाएं हो, यह मिसाइल उससे टकराकर फट जाती है। इसका वजन 154 किलोग्राम है और लंबाई 12.6 फीट है। इसकी रेंज 130 से 160 किलोमीटर है। यह अधिकतम 66 हजार फीट की ऊंचाई तक जाती है। ऐसी मिसाइल अपने फाइटर जेट को स्टैंड आफ रेंज देती करते हैं। स्टैंड आफ रेंज का मतलब होता है कि दुश्मन की तरफ मिसाइल फायर करके खुद उसके हमले से बचने के लिए दूर हो जाना। आने वाले समय में डसॉल्ट मिराज 2000, तेजस और मिग विमानों में भी इसे लगाए जाने की योजना बनाई जा रही है। मिसाइल को नौसेना अपने मिग 29 के लड़ाकू विमान में भी असेंबल करेगी। यह मिसाइल अलग-अलग हाइट पर फायर की जा सकती है। इसे फायर करने के लिए कोई एक रेंज जरूरी नहीं है।

पाकुड़ में सबसे कमजोर रहा मानसून

झारखंड में 5 अगस्त तक 19 फीसद कम हुई बारिश

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में जुलाई माह के अंतिम सप्ताह से अच्छी बारिश हुई है। इस दौरान कई जिला में 300 मिलीमीटर तक बारिश हुई है। लेकिन इतनी बारिश के बावजूद झारखंड में 5 अगस्त तक सामान्य से 19 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में 1 जून से 5 अगस्त तक 455.3 मिलीमीटर बारिश हुई है। जबकि इस अवधि की सामान्य बारिश 559.8 मिलीमीटर है। बता दें कि झारखंड में मॉनसून छह दिन की देरी के बाद 21 जून को प्रवेश कर गया था। वहीं 28 जून तक मानसून पूरे

झारखंड में पहुंच गया था। जारी आंकड़ों के अनुसार, पाकुड़ जिले में मॉनसून सबसे कमजोर रहा है। 5 अगस्त तक पाकुड़ में 52 प्रतिशत कम 307 एमएम बारिश हुई है। वहीं चतरा में 44 प्रतिशत कम 283.2 एमएम, लोहरदगा में 43 प्रतिशत कम 323.3 एमएम और पश्चिमी सिंहभूम में 32 प्रतिशत कम 372 एमएम बारिश हुई है। कम बारिश से यहां होने वाली खेती में भी असर पड़ने के आसार हैं।

बोल बम के जयकारे से गूंजा सिदगोड़ा सूर्यधाम

शिवभक्तों संग पैदल जल लेकर शिवालय पहुंचे ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास

PHOTON NEWS JSR: सावन की तीसरी सोमवारी पर प्रतिवर्ष की भांति सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के सौजन्य से भव्य जलाभिषेक यात्रा निकली, जिसमें बोल बम के जयकारे से पूरा सिदगोड़ा गूंजता रहा।

इस यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास भी शामिल हुए। यात्रा में मंदिर समिति के सदस्यों संग 21 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बारीडीह स्थित भोजपुर कॉलोनी छठ घाट से कलश में सुल्तानगंज का पवित्र गंगाजल लेकर हरि मैदान से भक्तिमय संगीत, मनोरम झांकी, बैंड-बाजा और पुष्पवर्षा के बीच पैदल यात्रा कर सूर्यधाम शिवालय में जलाभिषेक कर आशीष मांगा। कई किलोमीटर की पैदल खाली पैर यात्रा कर सूर्यधाम शिवालय में राज्यपाल रघुवर दास ने बाबा भोलेनाथ को जलार्पण किया। इस दौरान उन्होंने जमशेदपुर समेत संपूर्ण झारखंड एवं ओडिशा वासियों के लिए सुख-समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना की। इससे पहले, बारीडीह हरि मंदिर मैदान में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा पवित्र गंगाजल के जलाभिषेक का संकल्प कराया गया। यात्रा में शामिल महिलाओं ने गेरुवा वस्त्र तो पुरुषों ने गेरुवा गमछा के साथ हाथों में केसरिया ध्वज लेकर यात्रा की शोभा बढ़ायी। प्रातःकाल से ही बारीडीह हरि मंदिर मैदान में हर हर महादेव, बोल बम के जयघोष सुनाई देने लगे थे। कतारबद्ध महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे बाबा भोलेनाथ के शीघ्र दर्शन को उत्साहित थे। प्रातः 8.30 बजे से दोपहर तक श्रद्धालुओं ने बाबा वैद्यनाथ धाम की तर्ज पर बने अरघा के माध्यम से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

भक्तों के साथ जलाभिषेक करने जाते ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास व मंदिर में किया पूजन ● फोटोन न्यूज

24 हजार से अधिक ने किया प्रसाद ग्रहण

जलाभिषेक के पश्चात 24 हजार से अधिक श्रद्धलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी की ओर से सोन मंडप परिसर में प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। यहां 20 काउंटर पर प्रसाद तो 15 काउंटर पर पानी की व्यवस्था थी। प्रसाद के रूप में पूड़ी, आलू-चना की सब्जी एवं देसी घी से बना हलवा परोसा गया।

बनारस की तर्ज पर आज होगी महाआरती

सूर्य मंदिर परिसर के छठ घाट पर मंगलवार संध्या 6 बजे बनारस से आए 15 सदस्यीय टीम द्वारा बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर पूरे विधि विधान के साथ महाशिवालय की भव्य एवं दिव्य महाआरती की जाएगी। इस दौरान शंख, डमरू, घड़ी-घंट की ध्वनि और महाआरती के बीच पूरे तालाब परिसर में फैले जलते दीयों की लौ की अद्भुत छटा देखने को मिलेगी।

टाटा मोटर्स यूनियन के रूद्राभिषेक में शामिल हुए बन्ना गुप्ता

रूद्राभिषेक में शिरकत करते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : सावन की तीसरी सोमवारी पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कार्यालय में रूद्राभिषेक हुआ।

इसमें स्वास्थ्य व खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता अपनी पत्नी सुधा गुप्ता संग शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, जम्मी भास्कर, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष एसएन सिंह, मनोज कुमार सिंह, आरआर दुबे, संजीव रंजन, अली रजा खान, प्रकाश वर्मा,,वरुण कुमार, दीपक दस आदि उपस्थित थे।

महादेवशाल में लगी भक्तों की कतार ● फोटोन न्यूज

महादेवशाल में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, रविवार रात पहुंचे लोग

CHAKRADHARPUR : श्रावण मास की तीसरी सोमवारी पर पश्चिमी सिंहभूम के महादेवशाल धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान हर तरफ बोलबम... और हर-हर महादेव... के उद्घोष से माहौल गूंजता रहा। नाचते-गाते महिला-पुरुष भक्तों की टोली महादेवशाल धाम पहुंचे। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। रविवार से ही महादेवशाल जाने के लिए अलग-अलग जगहों से कांवरियों की टोली निकली थी। हालत यह रही कि सड़क से लेकर मंदिर तक कांवरियों की भीड़ ने पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। अनुमान के मुताबिक 80 हजार से अधिक भक्तों ने सोमवार को जलाभिषेक किया और भगवान भोलेनाथ के दरबार में माथा टेक मुरादें मांगीं। कोई सड़क मार्ग से तो कोई रेल मार्ग से बाबा के दरबार पहुंचा था। महादेवशाल धाम पहुंचने का भक्तों का सिलसिला रविवार से ही शुरू हो गया था।

तीसरी सोमवारी पर आमरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं ने किया बाबा का जलाभिषेक

PHOTON NEWS KHUNTI : पवित्र सावन महीने की तीसरे सोमवारी को क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा आमरेश्वर धाम अंगराबारी सहित जिले के अन्य शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोलनाथ का जलाभिषेक किया। स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए दूर दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु रविवार रात से ही यहां पहुंचने लगे थे। देर रात से ही मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। तड़के साढ़े तीन बजे जैसे ही मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा।

जलाभिषेक करते उपायुक्त लोकेश मिश्रा ● फोटोन न्यूज

उपायुक्त ने किया जलाभिषेक

उपायुक्त लोकेश मिश्रा सोमवार को माता-पिता के साथ आमरेश्वर धाम पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक के बाद पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर उपायुक्त ने सभी को श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रावणी मेला के दौरान दूर दराज से श्रद्धालु आमरेश्वर धाम पहुंचते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं की गयी है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। साथ ही साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपायुक्त ने मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया।

आरती में शामिल महिलाएं व पुरुष ● फोटोन न्यूज

रांची के पहाड़ी बाबा मंदिर में हुई भव्य संध्या आरती, लगी कतार

RANCHI : सावन की तीसरी सोमवारी पर रांची के पहाड़ी मंदिर में भव्य संध्या आरती हुई, जिसमें शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे। महाआरती के बाद बोल बम... के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गुंजायमन हो गया इसके बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर का महाप्रसाद वितरित किया गया। संध्या आरती में नंदकिशोर सिंह चंदेल, राजेश सिंह सन्नी, उज्जवल कुमार सिन्हा, रंजन यादव, संजय सिंह, सचिन कुमार, कुलदीप, विनय सिंह, लखन कुमार, अमन ठाकुर आदि सक्रिय रहे। वहीं, हिंदू जागरण मंच ने प्रतिवर्ष की भांति पहाड़ी मंदिर के मुख्यद्वार पर सेवा शिविर लगाया, जिसमें भक्तों को दूध, पुष्प, बेलपत्र आदि का वितरण किया गया। शिविर में मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी सुजीत सिंह, निशांत चौहान, चंदन मिश्रा, चंदन सिंह, सत्या सिंह, ऋषभ सिंह आदि सक्रिय रहे।

सावन महीने में ध्वजाधारी धाम में लग रहा श्रद्धालुओं का मेला

PHOTON NEWS KODERMA : जिले के ध्वजाधारी धाम में सावन की तीसरी सोमवारी में कांवडियों और भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे जिले के कांवडिया जल उठा कर भक्ति भाव के साथ पांच बजे सुबह से पहुंचते देखे गए। भक्त 777 सीढ़ी चढ़कर हर हर महादेव बोल बम, बोल बम का नारा लगाते हुए पहाड़ की चोटी पर पहुंचे और शिवालय में जल अभिषेक किया।

वहां नारियल फोड़कर, बेलपत्र चढ़ाकर, फूल चढ़ाकर, पूजा अर्चन कर श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक किया। सोमवार सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक को लेकर भीड़ जमने लगी थी। श्रद्धालु महिला पुरुष युवक-युवतियां अपने अपने नजदीक के शिवालयों में बाबा भोले शंकर पर बेलपत्र, चंदन, दूध, फूल, धतूरा, गांजा, भांग इत्यादि चढ़ा कर पूजा अर्चना कर परिक्रमा कर के अपने और अपने परिवार के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। भक्तों ने कहा कि वैसे तो देवाधिदेव महादेव के पूरे साल के सोमवार के दिन भोलेनाथ के लिए बहुत ही प्रिय दिन माना जाता है, जो हमेशा भोले नाथ का पूरे साल सोमवार को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हैं। वैसे लोगों को कभी कठिनाइयों का सामना करना नहीं पड़ता है।

कोडरमा में जलाभिषेक के लिए जाते भक्त ● फोटोन न्यूज

गिरिडीह में देर रात भिड़े दो भारी वाहन दो की मौके पर मौत, छह हुए घायल

PHOTON NEWS GIRIDIH : गिरिडीह जिले के खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कोदम्बरी चौक के समीप रविवार की देर एक भीषण दुर्घटना हुई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य छह लोग घायल हो गए। जिन भारी वाहनों के बीच आमने-सामने भिड़ंत हुई उनमें मालवाहक ट्रक (बीआर 02 ओ 6375) व बोरिंग का वाहन (जेएच 09 एए 3419) हैं।

मृतकों में गिरिडीह और टुंडी निवासी : हीरोडीह क्षेत्र में जमुआ-कोडरमा मुख्य मार्ग पर देर रात हुई यह टक्कर काफी जबरदस्त थी। लोगों ने इस टक्कर की जोरदार आवाज सुनी। दो की मौत के अलावा जो छह लोग जख्मी हुए हैं उनमें दो की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान होने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेजा गया। मृतक में टुंडी के रागांमाटी गांव निवासी व एक गिरिडीह मुफस्सिल क्षेत्र का रहनेवाला था। मृतकों में एक बोरिंग वाहन चालक है जो धनबाद जिला के टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत रंगामाटी गांव निवासी धनश्याम राम के 36 वर्षीय पुत्र डीसको राय है। दूसरा मृतक बोरिंग आपरेटर था। उसकी पहचान गिरिडीह जिला के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशलीटी गांव निवासी मोहालाल टुडू के 34 वर्षीय पुत्र शीलाचंद टुडू के रूप में हुई है।

दुर्घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त ट्रक ● फोटोन न्यूज

चालक और उपचालक की स्थिति गंभीर

हीरोडीह पुलिस ने दुर्घटना के दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायलों की पहचान मालवाहक ट्रक चालक मनीष विश्वकर्मा व उपचालक हिमांशु राणा के रूप में हुई है। इनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इलाज जमुआ स्थिति क्रेस्ट केयर अस्पताल में चल रहा है। वहीं अन्य घायलों में बोरिंग वाहन मजदूर परिमल सोरेन, रविलाल सोरेन, जयोलाल सोरेन व रमीय सोरेन शामिल हैं।

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने की मांग पर प्रदर्शन

PALAMU : मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में सेंट्रल लाइब्रेरी, सफाई, लिफ्ट, बिजली, पानी समेत अन्य मांगों को लेकर मेडिकल कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सोमवार को घरना दिया। कॉलेज के मेन गेट को बंद कर सभी धरना दे रहे हैं। मांगों से संबंधित तख्तियां लिए हुए हैं। आन्दोलन की सूचना मिलने के बाद प्राचार्य डॉ. कामेन्द्र प्रसाद और प्रोफेसर डॉ. आरके रंजन समेत अन्य शिक्षकों ने आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं को समझने का प्रयास किया लेकिन उनका कहना है कि लंबे समय से वह समस्याएं झेल रहे हैं। इस बार निदान होने तक आंदोलन किया जाएगा। सारे छात्र मांगों को लेकर अड़ गए हैं। दोपहर ढाई बजे तक उनका आन्दोलन चल रहा था। आंदोलन कर रहे छात्रों की संख्या 400 से अधिक है।

कांके प्रखंड के उप प्रमुख ने शिविरों का लिया जायजा

KANKE : हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' का लाभ, लाभुकों को दिलाने के लिए रांची जिले के कांके प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में 3 जुलाई से ही शिविर चल रहा है। तीसरे दिन सोमवार को कांके प्रखंड के उप प्रमुख अजय बैठा ने प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में लगे शिविरों का जायजा लिया। मौके पर उप प्रमुख ने ग्रामीण लाभुकों से मिल कर इस योजना की धरातल की हकीकत जानने का प्रयास किया। उप प्रमुख अजय बैठा ने बताया कि तीसरे दिन बीत जाने के बावजूद लाभुकों का आवेदन ऑनलाइन फिलअप नहीं हो पा रहा है, इसका मुख्य कारण इस योजना की वेबसाइट का सर्वर डाउन है। ग्रामीण क्षेत्रो में लाभुक धान रोपाई को छोड़ के पंचायत ऑफिस में डटे हुवे है।

निरीक्षण करते उपप्रमुख

लेकिन, सर्वर डाउन की वजह से किसी पंचायत में 2, कहीं 4, कहीं 10 आवेदकों का फॉर्म ही ऑनलाइन हो पाया है। वहीं कई पंचायत ऑफिस के शिविर में इस योजना से जुड़े आंगनबाड़ी सेविका नदारत मिलीं, जिसपर प्रखंड विकास पदाधिकारी को उन पर कार्रवाई करने के लिए बोला गया है। उप प्रमुख ने सरकार से कहा है कि इस योजना का लाभ समय रहते सभी को मिल सके, इसके लिए इस योजना की वेबसाइट को दुरुस्त किया जाए।

दुखहरण नाथ धाम में पूजा करने आया युवक नदी में डूबा, तलाश जारी

GIRIDIH : श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जिला मुख्यालय के प्रसिद्ध तीर्थस्थल बाबा दुखहरण नाथ धाम पूजा करने आया युवक बराकर नदी में डूब गया। बताया गया कि धनबाद के कतरास से अपने परिवार के साथ आए एक 17 वर्षीय युवक गौतम कुमार दुखहरण नाथ धाम के उसरी नदी में जल चढने के लिए पानी लाने गया था। काफी देर तक नहीं लौटा तो घर वाले नदी के तट पर गये, जहां अन्य लोगों ने बताया कि एक युवक पानी की तेज धार में बहा है। वहां मौजूद कई गोताखोर युवक की तलाश करने में जुटे हैं लेकिन कई घंटों की मशक्कत के बाद भी युवक का कोई अता-पता नहीं चला है। फिलहाल, परिजन सकुशल गौतम के बाहर आने की उम्मीद लगाए सभी नदी तट पर ही रुके हुए हैं।

एनटीपीसी के अधिकारियों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी बात, सभी मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

प्राथमिकता तय करें, जनता से मिलें व उनकी समस्या सुनें : उपायुक्त

PHOTON NEWS HAZARIBAG: बड़कागांव व केरेडारी प्रखंड में एनटीपीसी द्वारा संचालित विभिन्न कोल परियोजनाओं के सुगम संचालन एवं स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए सोमवार को उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें एनटीपीसी के सभी प्रोजेक्ट्स के अधिकारी व एमडीओ शामिल थे।

इस दौरान प्रोजेक्टवार समस्याओं और समाधान को लेकर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि केंद्र आधारित इन खनन परियोजनाओ में स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन हमेशा सहयोगात्मक रुख रखता है। यह बैठक इसलिए आयोजित की जा रही है, ताकि स्थानीय स्तर पर खनन परियोजना में आ रही चुनौतियों व समस्याओं को सुलझाया जा सके। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे प्राथमिकता तय करें, जनता से मिलें और उनकी समस्या भी सुनें। इस अवसर पर चट्टी बरियातू, केरेडारी, पकरी बरवाडीह, बादाम कोल परियोजनाओं के प्रतिनिधियों द्वारा उपायुक्त के समक्ष स्थानीय समस्याओं से संबंधी अपनी बातों को रखा। उपायुक्त ने कहा कि एनटीपीसी खनन परियोजना केंद्र द्वारा संचालित महत्वपूर्ण परियोजना है इसलिए इन परियोजनाओं के संचालन में आने वाली समस्याओं को दूर किया जाना आवश्यक है। रैयतों को नौकरियां मिलें, इस बात का संबंधित एमडीओ विशेष ख्याल रखें। नौकरियों में पारदर्शिता बनी रहे, यह भी सुनिश्चित करें। स्थानीय ग्रामीणों की बातों को सुने तथा मुलाकात भी करें। सहयोगात्मक व्यवहार से ही कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अंचलाधिकारियों को एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहित जमीन का जल्द से जल्द म्यूटेशन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी फाइल वर्क और पेपर वर्क को लंबित न रखें। ऐसे लोगों पर कारवाई होगी, जो जानबूझ कर अधिग्रहित जमीन पर ज्यादा मुआवजा के लोभ में अवैध रूप से घरों का निर्माण कार्य कर रहे है। उन्होंने आगे कहा कि प्राथमिकता क्षेत्र को रेखांकित कर स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे सीएसआर एक्टिविटी से परिवर्तन लाया जा सकता है तथा कार्य करने के लिए बेहतर माहौल भी बनाया जा सकता है। बैठक में उपायुक्त के अलावा पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, एसडीओ शैलेश कुमार, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे व भूअर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार भी उपास्थित थे।

बैठक करतीं हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय व अन्य ● फोटोन न्यूज

मिशन वात्सल्य योजना के नवनियुक्त कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित

LATEHAR : विभागीय निर्देश के आलोक में संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त गरिमा सिंह ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिलास्तरीय पदों पर चयनित कुल 11 कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। विदित हो कि केंद्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना भारत सरकार की एक अतिमहत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों को प्रत्येक स्तर पर उनके संभावित खतरों से सुरक्षित एवं संरक्षित करने के साथ बच्चों को परिवार आधारित देखरेख में संरक्षण प्रदान करना है। संबंधित जिलास्तरीय पदों पर नियुक्ति विगत 2017 से विभिन्न कारणों से लंबित थी। उपायुक्त के प्रयास से यह नियुक्ति संभव हुई, जिसके लिए सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों ने जिला प्रशासन, विशेषकर उपायुक्त एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी का आभार जताया।

एनडीआरएफ की टीम ने किया रेस्क्यू

नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद घर छोड़कर निकले लोग ● फोटोन न्यूज

GARHWA : झारखंड स्थित गढ़वा जिले के भवनाथपुर थाना अंतर्गत हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के लोहरगड़ा गांव के पास अचानक जलस्तर बढ़ने से सोन नदी के टीला पर गढ़वा जिला और बिहार के रोहतास जिला के तिऊरा गांव के 50 लोग फंस गए थे। इनके साथ सौ से अधिक मवेशी भी बाढ़ में फंसे रहे।

इसकी जानकारी मिलने के बाद रविवार रात में ही जिला प्रशासन बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए तत्पर हो गया। बिहार के बिहटा से पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने सोमवार को अहले सुबह से रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। सबसे पहले बाढ़ में फंसे लोहरगड़ा के 17 तथा मेरौनी गांव के दो लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया, जबकि इसके बाद सोन में फंसे रोहतास जिला अंतर्गत तिउरा गांव के 21 लोगों को भी सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर सोन से बाहर निकाल लिया गया है। दूसरी तरफ सोन नदी का जलस्तर भी कम होने लगा है। इस मौके तमाम प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

BRIEF NEWS

राज्यपाल ने अमित शाह से की शिष्टाचार भेंट

RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

विधानसभा थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति का शव बरामद

RANCHI : विधानसभा थाना क्षेत्र के नयासराय रिंग रोड के पास से सोमवार की सुबह एक व्यक्ति शव बरामद हुआ है। उसके बारे में बताया जा रहा है कि वह पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित अपने घर आश्रम में इलाज कराने आया था। इसी दौरान सोमवार को झाड़ी से उसका शव मिला। उसकी मौत कैसे हुई अब तक इसके पीछे की सही वजह सामने नहीं आ पायी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सुबह स्थानीय लोगों ने एक शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी।

ईडी में लीगल रिटेनर की निकली नियुक्ति

RANCHI : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को देशभर में विभाग का पक्ष रखने के लिए लीगल रिटेनर की जरूरत है। केंद्र सरकार ने इसकी सूचना जारी की है। केंद्र सरकार से जारी सूचना के मुताबिक, वकालत के पेशे में दो वर्षों का अनुभव रखने वाले वकील लीगल रिटेनर के पद पर नियुक्ति के लिए योग्य होंगे और उन्हें 80 हजार रुपये का मासिक वेतन दिया जाएगा। देशभर में किसी भी बार में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता अपनी नियुक्ति के लिए 25 अगस्त तक आवेदन दे सकते हैं।

'संत जॉन मेरी वियानी सभी पुरोहितों के लिए आदर्श'

RANCHI : डालटनगंज स्थित खीस्तियों की सहायता के लिए मरिया चर्च कंजिया में संत मेरी वियानी पर्व के अवसर पर पल्ली पुरोहित फादर वाल्टर को पदस्थापित किया गया। कार्यक्रम मिस्सा बलिदान से शुरू की गई। इससे पहले सभी पुरोहितों के लिए विशेष विनती की गई। इस अवसर पर बिशप थियोडोर मस्कारेनहास ने कहा कि पल्ली पुरोहित स्थानीय कलीसिया का चरवाहा होता है। फादर वाल्टर को दायित्व दी जा रही है। जो एक पल्ली पुरोहित को कैथोलिक कलीसिया में प्रावधान दी गई है ।वह स्वयं के लिए नहीं बल्कि ईश्वर की प्रजा के लिए एक पुरोहित है। संत जॉन मेरी वियानी सभी पुरोहितों के आदर्श हैं।

रांची में छोटे-छोटे विवाद में हो रहीं हत्या की घटनाएं

RANCHI : छोटे-छोटे विवाद में लोग एक दूसरे की हत्या कर हैं। राजधानी में भी पिछले एक महीने के दौरान इस तरह की एक के बाद एक कई घटनाएं सामने आई हैं। जहां छोटे से विवाद को लेकर किसी की गोली मारकर तो किसी की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। हालांकि इन सभी घटनाओं में शामिल आरोपियों को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार भी कर लिया। फास्ट फूड खाने के बाद पैसा नहीं देने पर होटलकर्मी सूरज गिरी ने चापड़ से गला काटकर राजू ठाकुर उर्फ कटरनी (30 वर्ष) की हत्या कर दी थी। यह घटना 13 जुलाई की शाम साढ़े चार बजे लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के समीप हुई थी।

हाईकोर्ट ने डीजीपी से मौखिक कहा- ड्रग्स कारोबार रोकने के लिए एसओपी तैयार करे पुलिस

मादक पदार्थों की बिक्री पर लें कठोर एक्शन

PHOTON NEWS RANCHI :

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के डीजीपी से मौखिक कहा कि झारखंड में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री हर हाल में रोकने के लिए कठोर कार्रवाई करें। कोर्ट ने मौखिक कहा कि पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) आपसी सहयोग से झारखंड में अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए कार्रवाई करें। खूंटी सहित राज्य के कई जिलों में जंगलों में अफीम की खेती होती है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस और एनसीबी को-ऑर्डिनेशन से इसका पता लगाकर इन्हें नष्ट करने की दिशा में कार्रवाई करें। सुनवाई के दौरान डीजीपी एवं रांची एसएसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। कोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया कि अफीम, चरस, गांजा सहित अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए पुलिस स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाए। कोर्ट ने रांची एसएसपी से भी मौखिक कहा कि रांची शहर में स्कूल एवं मंदिरों के निकट किसी भी स्थिति में शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। मंदिरों के निकट बार एवं रेस्टोरेंट खोला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कोर्ट ने कहा कि उत्पाद विभाग के साथ-साथ पुलिस की भी यह जिम्मेवारी है कि रांची शहर में अवैध ढंग से शराब की बिक्री ना हो। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यह रांची है ना कि मुंबई या गोवा है, यहां के बार एवं रेस्टोरेंट को नियंत्रित ढंग से काम करना होगा ताकि सामाजिक दायित्व का समुचित निर्वहन हो सके। देर रात तक बार एवं रेस्टोरेंट खुला रहने से अप्रिय घटना होने की ज्यादा संभावना रहती है, पुलिस की पीसीआर वैन रात में शराबियों एवं आपराधिक तत्वों पर नजर रखें। मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त को होगी। दरअसल, खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम ,चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस पर आज झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई।

डीवीसी में नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट ने दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी), कोलकाता द्वारा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी एवं मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए निकल गए विज्ञापन के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को तीन सप्ताह में पूरक शपथ पर दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी, तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक रहेगी। मामले को लेकर भूपेंद्र सिंह की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। डीवीसी, कोलकाता ने एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के सात पदों और मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर (हेल्थ सर्विसेज) के 21 पदों लिए 18 जुलाई को विज्ञापन निकाला था। सात अगस्त तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसका चयन पूर्व में एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के पद पर हुआ था। मेरिट लिस्ट में वह द्वितीय नंबर पर था लेकिन उसका अंतिम रूप से चयन यह कहते हुए नहीं किया गया कि उसपर विभागीय कार्रवाई चल रही है, जिसको लेकर याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट भी याचिका दाखिल की गई है।

- एग्जीक्यूटिव ट्रेनी, मेडिकल ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर के लिए निकाला गया है विज्ञापन
- फिक्स्ड चार्जेज में छूट को लेकर डीवीसी ने कहा- पहले से है बकाया, बिजली की गुणवत्ता पर पड़ेगा असर

रघुवर दास कैबिनेट के पांच मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति केस में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

PHOTON NEWS RANCHI :

तत्कालीन रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों (अमर कुमार बाउरी, रणधीर सिंह, डॉ नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा) के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में दायर जनहित याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने राज्य सरकार और एसीबी को चार सप्ताह के भीतर शपथ पत्र के जरिए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने एसीबी से जवाब में इस को स्पष्ट करने को कहा है कि अब तक क्या कार्रवाई हुई है और कार्रवाई किस दिशा में चल रही है। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि मामले की विस्तृत सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। इस मामले में हेमंत सरकार ने पिछले साल 26 जुलाई को कैबिनेट की बैठक में एसीबी को पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ जांच की स्वीकृति दे दी थी। हेमंत सरकार ने इससे पूर्व गोपनीय सत्यापन रिपोर्ट का आदेश दिया था।

क्या है जनहित याचिका में

दरअसल, साल 2020 में पंकज कुमार यादव ने पांच मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति को लेकर जनहित याचिका दायर की थी। उनका आरोप था कि 2014 के चुनाव के वक्त अमर बाउरी ने 7.33 लाख की संपत्ति का ब्यौरा दिया था। यह संपत्ति 2019 में 89 .41 लाख दिखाई गयी। रणधीर सिंह ने 2014 में 88 .92 लाख की संपत्ति दिखाई थी जो 2019 में 5 .06 करोड़ हो गई। डॉ नीरा यादव ने 2014 में 80 .59 लाख संपत्ति का ब्यौरा दिया था। उनकी संपत्ति 2019 में 3 .65 करोड़ हो गई थी। लुईस मरांडी के पास साल 2014 में 2 .25 करोड़ की संपत्ति थी जो 2019 में 9 .06 करोड़ हो गई। वहीं नीलकंठ सिंह मुंडा के पास 2014 में 1 .46 करोड़ की संपत्ति 2019 में 4 .35 करोड़ हो गई थी। याचिकाकर्ता ने 2014 से 2019 के बीच 100 से 1100 प्रतिशत संपत्ति में इजाफे पर सवाल उठाया था।

अधिवक्ता गोपाल कृष्ण हत्या मामले में हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, डीजीपी-एसएसपी हुए हाजिर

PHOTON NEWS RANCHI :

रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हत्या मामले को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए डीजीपी एवं रांची एसएसपी को तलब किया था। कोर्ट के आदेश के आलोक में यह दोनों अधिकारी कोर्ट में सोमवार को सशरीर उपस्थित हुए। डीजीपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले के दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें से एक अपराधी रोशन मुंडा तथा दूसरा संदीप है। कोर्ट ने डीजीपी को मृतक अधिवक्ता के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की अनुसंधान जल्द पूरी कर चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि रांची के काके थाना क्षेत्र में बीते दिनों विशेष शाखा में पदस्थापित अनुपम कच्छप की अपराधियों ने हत्या कर दी। राजधानी रांची में अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है उसपर अंकुश लगाने की जरूरत है। कोर्ट ने डीजीपी से कहा कि वह राज्य के जिलों के एसपी एवं एसएसपी को दिशा निर्देश दें कि अगर उनके थाना क्षेत्र में किसी तरह की आपराधिक घटनाएं होती हैं, तो इसकी जिम्मेदारी उस थाना के थाना इंचार्ज पर होगी । कोर्ट ने रांची एसएसपी को भी राजधानी में विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि आए दिन रांची में महिलाओं के गले से गहने छीन लिए जाते हैं, उनके घर के निकट से अपराधी उनके गहने छीन ले जाते हैं। इस पर रोक

यातायात व्यवस्था सुगम नहीं होने पर ट्रैफिक एसपी तलब

अवैध रूप से चलने वाले ई-रिक्शा पर रोकथाम सुनिश्चित करें : हाईकोर्ट

RANCHI : रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को मौखिक कहा कि राजधानी रांची में ई रिक्शा अवैध रूप से चल रहे हैं, ट्रैफिक पुलिसकर्मी कार्रवाई के नाम पर इन्हे जब्त करते हैं और फिर रांची नगर निगम के भरोसे छोड़ देते हैं। रांची नगर निगम इन रिक्शा पर जुमार्ना लगाकर फिर से इन्हें सड़क पर चलने के लिए छोड़ देता है, ऐसा नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकार पर फटकार लगाते हुए कहा कि रांची में अवैध रूप से चलने वाले ई रिक्शा पर रोकथाम सुनिश्चित करें। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए ट्रैफिक एसपी को मंगलवार को हाई कोर्ट में तलब किया है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करें कि 15 अगस्त से पूर्व राजधानी रांची में अवैध रूप से चलने वाले रिक्शा पर पूरी तरह से रोक लगे। इससे पूर्व कोर्ट को बताया गया कि की शहर में 4 हजार से ज्यादा ई रिक्शा चल रहे हैं। यह लोग वैसे रूट पर भी चल रहे हैं जो इनके लिए निर्धारित नहीं है। इसे रांची शहर में जाम की समस्या प्रतिदिन देखने को मिल रही है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में जाम की स्थिति देखते हुए अब ई रिक्शा के निबंधन पर रोक लगाई जानी चाहिए।

विनोद ने अग्रिम जमानत अर्जी वापस लेने के लिए दायर की याचिका

RANCHI : लैंड स्कैम केस के आरोपित और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने सोमवार को अपनी अग्रिम जमानत याचिका वापस लेने के लिए याचिका दायर की है। विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपनी अग्रिम जमानत अर्जी वापस मांगी है। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दायर की है, जिसमें विनोद सिंह को भी अभियुक्त बनाया गया है। ईडी की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) पर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है।

वेबसाइट पर जारी होगी मेरिट लिस्ट कट ऑफ मार्क्स भी : जेएसएससी

RANCHI : झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) ने वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करने पर सहमति जताई है। मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट में जेएसएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जेएसएससी अपनी वेबसाइट पर 10 दिन में अपलोड कर देगा। जेएसएससी ने वेबसाइट अपग्रेड करने के लिए 2 सप्ताह का समय कोर्ट से लिया है। इसके बाद वह वेबसाइट पर सभी विषयों का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी कर देगा। कोर्ट ने जेएसएससी को निर्देश दिया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करें। मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की। दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व में जेएसएससी को वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट जारी करने का निर्देश दिया था। मामले में मीना कुमारी समेत सात याचिकाओं की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पूर्व में कहा था कि इससे संबंधित सोनी कुमारी की अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट बनाकर हाई स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

सीआईपी निदेशक से मिलकर सौंपा मांगपत्र

RANCHI : (सीआईपी) निदेशक डॉक्टर तरुण कुमार से आज एक प्रतिनिधिमंडल मो नकीब, नईम के नेतृत्व में मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे लिखा है की सीआईपी में कार्य कर रही सिक्योरिटी एजेंसी इंटेलिजेंस सिक्योरिटी ऑफ इंडिया के एएसओ परवेज आलम पर झूठा इल्जाम लगा कर बदनाम किया गया। सीआईपी प्रशासन को दिए गए आवेदन शेफाली कुजूर, अनुज कुजूर, खिरिस्त पॉल, ने वापस ले लिया और नए आवेदन देकर कहा है कि परवेज आलम पर हम लोगों द्वारा लगाया गया आरोप बिल्कुल बेबुनियाद और निराधार है। ज्ञात हो कि परवेज आलम भारतीय वायुसेना में अपना सेवा प्रदान कर चुके हैं, और सुरक्षा सेवा में महारथ हासिल है एवं सामाजिक कार्य में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहते हैं। ऐसे व्यक्ति को समाज में बदनाम करना एक अशोभनीय कार्य है।

आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

पाकुड़ और गोड्डा में बारिश वज्रपात की चेतावनी जारी

PHOTON NEWS RANCHI :

मौसम विभाग ने झारखंड के 2 जिलों में वज्रपात की चेतावनी दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र की ओर से तात्कालिक चेतावनी जारी की गई है। मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि पाकुड़ और गोड्डा जिले में कुछ जगहों पर गरज के साथ वर्षा एवं वज्रपात हो सकता है। इसलिए लोग सावधान और सतर्क रहें। मौसम वैज्ञानिक ने लोगों को सलाह दी है कि वे अपने घरों से बाहर न निकलें। अगर आप घर से बाहर हैं और मौसम खराब हो जाए, तो कुछ सावधानी जरूर बरतें। मौसम खराब होने की स्थिति में किसी पक्के छत के नीचे चले जाएं। पेड़ या बिजली के खंभे से दूरी बनाकर रखें। किसी भी सूरत में बिजली के खंभे या पेड़ के नीचे शरण न लें। इन जगहों पर आसमानी बिजली गिरने का खतरा सबसे अधिक होता है। इसलिए पक्के छत के नीचे ही शरण लें। आप सुरक्षित रहेंगे। किसानों को भी सलाह दी जा रही है कि वे खेतों में न जाएं। मौसम के सामान्य होने की प्रतीक्षा करें।

यूपीएससी असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा संपन्न

RANCHI : दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल अंजनी कुमार मिश्रा ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीएपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि परीक्षा के एक दिन पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति तक सभी ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी निभाया है। सभी के कार्यो की जितनी भी सराहना की जाए कम होगी। उन्होंने पदाधिकारियों से आवश्यक सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। रविवार को दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई। प्रथम पाली में पेपर - I के लिए 10 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याह्न तक और द्वितीय पाली में पेपर - II के लिए 2 बजे अपराह्न से 5 बजे अपराह्न तक निर्धारित हुई। परीक्षा के लिए कुल 9 उप केंद्र बनाए गए थे। उक्त परीक्षा हेतु उप केंद्रों पर 3 एवं 4 अगस्त को सभी प्रकार की गतिविधियों पर रोक थी। आयुक्त ने बताया कि

मदई व बेयासी गांव में मचाया उत्पात, स्थानीय लोग परेशान

चान्हो में जंगली हाथियों का आतंक घरों को तोड़कर खा जा रहे अनाज

PHOTON NEWS RANCHI :

झारखंड की राजधानी रांची के चान्हो प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। हाथी लगातार आ रहे हैं और घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। घर में रखे अनाज खा जा रहे हैं। इससे स्थानीय लोग परेशान हैं। जंगली हथियों के एक झुंड ने रविवार की रात को भी मदई व बेयासी गांव में उत्पात मचाया। वहां 3 घरों में तोड़फोड़ की और उन घरों में रखे धान, चावल व सरसों खा लिये। गांव में घुसने के दौरान इन हाथियों ने खेतों में लगी गन्ने व धान की फसल को भी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार, राजधानी रांची से सटे चान्हो प्रखंड के मदई गांव में डेढ़ दर्जन से अधिक जंगली हाथी रविवार

की रात को करीब 12 बजे घुसे। इन हाथियों ने चिलगु उरांव, करमा उरांव, सोमरा उरांव के घर तथा भउवा उरांव के फार्म हाउस में बने दो कमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। चिलगु उरांव व करमा उरांव के घर में रखे 5 क्विंटल से अधिक धान खा ग। गांव में घुसते समय हाथियों ने रामचंद्र उरांव की गन्ने की फसल एवं जौनी उरांव, कुंवारी उरांव और बैजू उरांव की धान की फसल को रौंद दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हाथियों के पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह से उन्हें गांव से बाहर खदेड़ा। पंचायत के मुखिया भोला उरांव के अनुसार, बेड़ो की ओर जाने के क्रम में हाथियों ने बेयासी गांव की सलीमा खातून की जमीन की बाउंड्री, खिड़की और दरवाजा को तोड़ दिया। घर के अंदर रखा करीब एक क्विंटल चावल हाथी खा गए। भोला उरांव ने हाथियों के फिर से गांव में लौटने की संभावना जताते हुए वन विभाग से अपील की है कि पंचायत के सभी गांवों के लोगों को हाथी भगाने का सामान उपलब्ध कराया जाए।

सियासत में नए समीकरण के खुलेंगे रास्ते, भाजपा से तालमेल जटिल समस्या

सरयू के जदयू में होने से आसान नहीं एनडीए की राह

PHOTON NEWS RANCHI :

झारखंड में विधानसभा चुनाव होने के पहले जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने जदयू ज्वाइन कर राज्य की राजनीति में नया मोड़ ला दिया है। बेशक झारखंड में जदयू को एक नेता मिल गया है। चुनाव से पहले उनके इस कदम ने राज्य की राजनीति में कई तरह की चर्चा आरंभ कर दी है। आने वाले दिनों में इसके कई तरह परिणाम देखने को मिल सकते हैं। उनके इस पॉलिटिकल स्टैंड से झारखंड के राजनीतिक समीकरण को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जदयू में सरयू राय के शामिल होने से जमशेदपुर पूर्वी सीट से उनका दोबारा चुनाव लड़ना पक्का माना जा रहा है। लंबे समय से जमशेदपुर पूर्वी सीट पर काबिज रहे रघुवर दास अब ओडिशा के राज्यपाल बन चुके हैं। ऊपर से केंद्र में मोदी सरकार बनाने में जदयू ने अहम रोल अदा किया है। लिहाजा, सरयू राय की जदयू में वापसी से झारखंड में एनडीए फोल्डर का दायरा बढ़ना तय है, लेकिन तालमेल आसान भी नहीं है। सरयू राय और रघुवर दास के बीच का मतभेद जगजाहिर है। ऐसे में अमित शाह के खास कहे जाने वाले रघुवर दास अपनी राजनीतिक जमीन शिफ्ट होने देना नहीं चाहेंगे, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि भाजपा के पास जमशेदपुर पूर्वी सीट के लिए कोई बड़ा चेहरा फिलहाल नहीं है। दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं के स्तर पर सारे समीकरण सेट हो चुके हैं। क्योंकि, यहां एक तरफ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ऐसे में किसी तीसरे नेता की दखलअंदाजी का कोई सवाल ही नहीं उठता।

मांडू और छतरपुर सीट पर दिख सकता है राजनीतिक बदलाव का असर

राजनीतिक बदलाव का असर मांडू और छतरपुर सीट पर भी देखने को मिल सकता है। जदयू के झारखंड अध्यक्ष खीरु महतो मांडू के विधायक रहे हैं। वर्ष 2019 में भाजपा की टिकट पर जेपी पटेल यहां से विधायक बने थे लेकिन वर्तमान लोकसभा चुनाव के वक्त कांग्रेस में शामिल होकर हजारीबाग से चुनाव लड़े थे। इसलिए खीरु महतो की कोशिश है कि उनके पुत्र दुष्यंत को वहां से टिकट मिले। वैसे आजसू का भी इस सीट पर दावा है। तीसरी सीट छतरपुर को लेकर है। वहां से पूर्व में विधायक रहीं सुधा चौधरी झारखंड में मंत्री रह चुकी हैं। सरयू राय की अपनी पार्टी भारतीय जन मोर्चा (भाजमो) के जदयू में मर्जर की तो यह समझना जरूरी है कि सरयू राय इस पार्टी के संरक्षक हैं। इस प्रक्रिया को पूरा करना पार्टी के अध्यक्ष का काम है। एक और खास बात है कि 2019 में रघुवर दास के मुख्यमंत्री रहते हुए सरयू राय ने अपनी जमशेदपुर पश्चिम सीट के बजाय जमशेदपुर पूर्वी सीट से चुनाव लड़कर उन्हें मात दे दी थी। आज भी इस बात की चर्चा होती है कि 2019 के चुनाव में सरयू राय के स्टैंड की वजह से भाजपा खासकर रघुवर दास के खिलाफ एक नैरेटिव सेट हो गया था,जिसका खामियाजा भाजपा को चुनाव में भुगतना पड़ा था।

उर्दू शिक्षक परीक्षा पेपर 4 में पूछे गए आउट ऑफ सिलेबस सवाल

RANCHI : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग एक बार फिर अपने कारनामों के लिए सुर्खियों में है। दरअसल राज्य के होनहारों को अच्छी शिक्षा देने को लेकर सरकार ने बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्ति की शुरूआत की थी। इस नियुक्ति का नाम सहायक आचार्य नाम दिया गया और यह नियुक्ति लगभग 26001 पदों पर होनी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग इस विवादमुक्त करने में असफल नजर आ रहा है। नियुक्ति को लेकर हुए पिछले 31 जून की उर्दू भाषा की 43ँ पेपर प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों को उल्टे सवाल दे दिए गए यानी की अभ्यर्थियों को जो सवाल मिले वह आउट ऑफ सिलेबस थे। क्लास 6 से 8 की परीक्षा के परीक्षार्थियों ने इसको लेकर कर्मचारी चयन आयोग झारखंड कार्यालय में 5 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष से मिलकर अपनी बातों को रखी।

झारखंड में बढ़ रहे हैं साइबर अपराध के मामले

उचित जागरूकता के अभाव में बच्चे सबसे ज्यादा असुरक्षित

PHOTON NEWS RANCHI :

महामारी के बाद से, काम, स्कूल, खरीदारी, मनोरंजन और डॉक्टर के पास जाने जैसी नियमित गतिविधियों के लिए ऑनलाइन काफी बदलाव हुआ है और साइबर अपराध में तेजी आई है। मानवीय कारक साइबर सुरक्षा का एक केंद्रीय घटक हैं क्योंकि व्यक्तिगत व्यवहार, व्यक्तित्व लक्षण, ऑनलाइन गतिविधियाँ और प्रौद्योगिकी के प्रति दृष्टिकोण संवेदनशीलता को प्रभावित करते हैं। आईआईटी कानपुर द्वारा संचालित स्टार्टअप फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि भारत में शीर्ष 10 साइबर अपराध केंद्रों (ज़िलों) के विश्लेषण से पता चलता है कि उनकी भेद्यता में योगदान देने वाले कई सामान्य कारक हैं और इनमें प्रमुख शहरी केंद्रों से भौगोलिक निकटता, सीमित साइबर सुरक्षा बुनियादी ढाँचा, आर्थिक चुनौतियाँ और कम डिजिटल साक्षरता शामिल हैं। अध्ययन से यह भी पता चला कि सिर्फ. शीर्ष 10 ज़िले ही देश में होने वाले 80% साइबर अपराधों में सामूहिक रूप से योगदान करते हैं। शीर्ष 10 जिले हैं - भरतपुर (18%), मथुरा (12%), नूह (11%), देवघर (10%), जामताड़ा (9.6%), गुरुग्राम (8.1%), अलवर (5.1%), बोकारो (2.4%), कर्मा टांड (2.4%) और गिरिडीह (2.3%) भारत में साइबर अपराध के मामलों में शीर्ष योगदानकर्ता हैं।

राष्ट्रीय अजजा आयोग की सदस्य ने वीमेंस यूनिवर्सिटी के छात्रावास का किया निरीक्षण

पूर्वी सिंहभूम के अधिकारियों के साथ की बैठक, विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा

PHOTON NEWS JSR:
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई, जिसमें अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व सभी विभागों की योजनाओं में प्रगति से संबंधित समीक्षा की गई। सदस्य ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन अनुसू?चित जनजातियों को शोषण के विरुद्ध सुरक्षा उपाय प्रदान करने के साथ-साथ उनके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक हितों की रक्षा करने के लिए की गई है। समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन से स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला अस्पताल और प्रखंड स्तरीय अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं, चिकित्सकों, जीएनएम, एएनएम आदि की प्रतिनियुक्ति की जानकारी ली। अस्पतालों में चिकित्सकों के विजिट का रोस्टर तैयार कर उसका अनुपालन कराये जाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी टीकाकरण का प्रशिक्षण दिये जाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक के पूर्व लकड़ा ने बिष्टुपुर स्थित वीमेंस कॉलेज के छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली । हॉस्टल में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधा पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में उपायुक्त अनन्य मित्तल, डीएफओ सबा आलम अंसारी, पीडी-आईटीडीए दीपांकर चौधरी मौजूद रहे।

छात्रावास का निरीक्षण करतीं आशा लकड़ा ● फोटोन न्यूज

सेंगेल ने सौंपा तीन सूत्री मांगपत्र

ज्ञापन देने पहुंचे सेंगेल कार्यकर्ता

JAMSHEDPUR : राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा को आदिवासी सेंगेल अभियान के प्रतिनिधियों ने तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। इसमें कहा गया है कि सभी आदिवासी गांव-समाज में संविधान, कानून एवं जनतंत्र जल्द लागू करें, क्योंकि आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के नाम पर चालू वंशानुगत नियुक्त माझी-परगना व्यवस्था आदि इसको नहीं मानते हैं। राजतांत्रिक तानाशाही चलाते हैं। समाज में जबरन सामाजिक बहिष्कार, जुमार्ना, डायन प्रताड़ना, अंधविश्वास, नशापन, वोट की खरीद-बिक्री, महिला विरोधी मानसिकता जैसे असंवैधानिक कृतियों को बढ़ावा देते हैं। अंततः आदिवासी गांव समाज गुलामी का जीवन जीने को मजबूर हैं। आदिवासियों को सरना धर्म कोड दिया जाए तथा राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त संताली भाषा को अनुच्छेद 345 के तहत झारखंड में अविलंब प्रथम राजभाषा बनाया जाए। इस दौरान दिशोम सेंगेल परगना सोनाराम सोरेन, केंद्रीय सेंगेल संयोजक बिमो मुर्मू, पूर्वी सिंहभूम जिला सेंगेल परगना जूनियर मुर्मू, जयपाल मुर्मू आदि उपस्थित थे।

डिमना डैम के पास डॉक्टर से लूट मामले में सात गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बोड़ाम थाना अंतर्गत डिमना डैम में बीते दिनों अवध डेंटल कॉलेज के डॉक्टरों से डकैती करने के मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मानगो पुलिस ने मामले में सभी को गिरफ्तार किया है। वहीं मानगो पुलिस ने मामले से जुड़े एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब मानगो चौक के पास गैरेज का संचालन करने वाले एक व्यक्ति ने दो दिनों पूर्व मानगो थाना में रंगदारी मांगने का एक मामला दर्ज कराया। इसमें जोशी नामक युवक समेत दो अन्य को आरोपी बनाया गया।
जांच करते हुए पुलिस ने पहले जोशी को हिरासत में लिया, फिर उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने दो अन्य को भी गिरफ्तार किया। दोनों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उन्होंने डिमना डैम के पास भी डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले का जल्द खुलासा करेगी।

सिदगोड़ा में बंद कंपनी क्वार्टर से शराब बरामद

छापेमारी के दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR:
सिदगोड़ा थाना अंतर्गत एग्रिको स्थित वर्कर्स फ्लैट के बंद क्वार्टर से 26 पेटी शराब बरामद की गई है। बरामद शराब पर अरुणाचल प्रदेश में बिक्री के लिए लिखा है। आबकारी विभाग ने शराब को जब्त कर लिया है। वहीं,अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, उक्त क्वार्टर पर किसी ने अवैध कब्जा कर ताला लगा दिया था। 10 दिनों पूर्व टाटा स्टील यूआईएसएल ने क्वार्टर को कब्जा मुक्त करते हुए अपना ताला लगा दिया। इसी बीच फिर से किसी अज्ञात द्वारा क्वार्टर पर कब्जा कर लिया गया।

स्थानीय लोगों ने दी सूचना

स्थानीय लोगों ने कंपनी को कब्जे की सूचना दी। सूचना पर सोमवार को कंपनी की टीम क्वार्टर को कब्जा मुक्त करने के लिए पहुंची थी। टीम ने दरवाजे पर लगा ताला तोड़ा और अंदर गई तो पाया कि क्वार्टर में शराब की पेटियां पड़ी हैं। कंपनी ने तत्काल सिदगोड़ा थाना को सूचित किया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की, पर किसी ने कुछ नहीं बताया।

पासपोर्ट सत्यापन के लिए रुपये मांगने वाला दारोगा हुआ सस्पेंड

एसएसपी की ओर से कराई गई जांच

JAMSHEDPUR : बागबेड़ा थाना के दारोगा तेजप्रताप सिंह को एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को सस्पेंड कर दिया। दारोगा तेजप्रताप पर पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए पैसे मांगने का आरोप लगा था। इसको लेकर भुक्तभोगी ने कुछ दिनों पहले एसएसपी किशोर कौशल से मामले की लिखित शिकायत की थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए दारोगा को सस्पेंड कर दिया गया है। शिकायतकर्ता ने एसएसपी को बताया था कि बागबेड़ा थाना के दरोगा तेज प्रताप उनसे पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए रुपये मांग रहे है। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लिया और डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकिर आलम को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा था। जांच के दौरान डीएसपी ने मामले को सही पाते हुए जांच प्रतिवेदन एसएसपी को सौंपा, जिसके बाद एसएसपी ने कार्रवाई की।

पासपोर्ट वेरिफिकेशन में तेजी लाने का दिया था आदेश

एसएसपी किशोर कौशल ने बीते दिनों ही पुलिस कर्मियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने पासपार्ट वेरिफिकेशन का मुद्दा उठाया था। उन्होंने पासपोर्ट वेरिफिकेशन को सुगम करने के लिए हर थाना में अलग से एक अधिकारी नियुक्त करने का फैसला लिया था। इसके बाद से पासपोर्ट वेरिफिकेशन जल्द से जल्द किया जाने लगा।

साउथ बिहार एक्स. से गिरकर जवान घायल

JAMSHEDPUR : टाटानगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिरकर सीआरपीएफ जवान 45 वर्षीय के. झा घायल हो गए। सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई घटना के बाद स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। मौजूद कांवरियों के शोर मचाने पर चालक ने ट्रेन रोक दी, जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एक ही रात में गिरफ्तार किए गए 11 वांछित अपराधी

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को रात्रिकालीन अभियान चलाने का निर्देश दिया था। इस पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक ही रात 11 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

चतरा से चाईबासा तक विवि शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

प्रोन्नति में विलंब, ओल्ड पेंशन के मुद्दे पर असमंजस से बढ़ा आक्रोश

घाटशिला कॉलेज में विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS GHATSILA:
राज्य के लगभग सारे विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में सैकड़ों शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा कर रोष व्यक्त किया। विरोध करने वालों में हजारीबाग में सुबोध सिंह, कोल्हान में अशोक रवानी, रांची में जुटान के अध्यक्ष जगदीश लोहरा, मेदिनीनगर में डॉ. ऋचा सिंह, चतरा कॉलेज में मनीष दयाल, रामगढ़ कॉलेज में डॉ. रोज उरांव, कंजीव लोचन, डोरिस लीना मिंज, जुटान के महासचिव डॉ. हरीश कुमार, रामलखन सिंह यादव कॉलेज, रांची में नीतू कुमारी, सरायकेला से गुलशन कुमार, गंगानाथ झा, टाकू के महासचिव इंदल पासवान, डॉ. समर सिंह, गोविंद झा आदि शामिल थे।
घाटशिला कॉलेज में भी प्रदर्शन हुआ। जुटान के संयोजक कंजीव लोचन ने कहा कि प्रोन्नति में हो रहे विलंब के कारण शुरू हुए इस आंदोलन में भाग ले रहे शिक्षक नेताओ में अब ओल्ड पेंशन के मुद्दे पर भी अधीरता बढ़ रही है। झामुमो के मेनिफेस्टो के अनुसार 2004 के बाद नियुक्त राज्य सरकार के कर्मियों को जब पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया गया, तो विवि कर्मियों को क्यों नहीं। शिक्षक निकट भविष्य में मुख्यमंत्री के निवास पर एकत्र होकर उनसे मिल कर अपनी बात रखेंगे।

समाचार सार

सावन सुंदरी बनीं सुलभा शिंदे

CHAKRADHARPUR : मेरी सहेली महिला सशक्तीकरण नीतू साहू द्वारा संचालित ग्रुप की महिलाओं सोमवार को सावन मिलन और फ्रेंडशिप डे मनाया गया। रेलवे कॉलोनी स्थित महात्मा गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सभी महिलाएं हरे व पीले रंग के परिधान में सजी थी। सोलह श्रृंगार व हाथों में मेहंदी रचाए महिलाओं ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांध कर दोस्ती निभाने व सुख-दुख में साथ रहने का वादा किया। इसके बाद सभी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में सावन सुंदरी का चुनाव किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर सुलभा शिंदे रहीं, जबकि दूसरे स्थान पर सुषमा साव व मंजू नारायण और तीसरे स्थान पर कंचन छाबड़ा व एकता साव रहीं। सभी ने उत्साहपूर्वक सभी का अभिनंदन किया व शुभकामना दी। कार्यक्रम में नीतू साहू, प्रतिभा विकास, तनूजा शुक्ला, रेनू जायसवाल, सविता साव, एकता साव, रीता साव, किरण तिवारी, माया मिश्रा, बॉबी, आशा साव, सुषमा साव, मोनिका साव, रेनू कौर, सोनू, रश्मि, नूपुर बेनर्जी, कंचन छाबड़ा, डिप्पी कौर, नेहा अग्रवाल,अनीता गुप्ता, बबिता साव, कृष्णा चौधरी आदि उपस्थित रहीं।

दिनेश चौधरी की स्मृति में 140 यूनिट रक्त संग्रह

JAMSHEDPUR : सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी की चौथी पुण्यतिथि पर 140 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में सोमवार को लगे शिविर का उद्घाटन एसडीओ, धालभूम पारूल सिंह व टाटानगर के एआरएम अभिषेक सिंघल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि स्व. दिनेश चौधरी चैंबर के कर्मठ सदस्य थे। पदाधिकारी के रूप में भी विभिन्न पदों पर उन्होंने व्यवसायी- उद्यमियों के प्रति सदा निष्पक्ष रूप से कार्य किया। उनका निधन कोरोना से 4 अगस्त 2020 को हुआ था। शिविर को सफल बनाने में महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव भरत मकानी, अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

बाल सम्प्रेक्षण गृह की ऊंची दीवार फांदकर तीन बंदी भागे, हुए घायल

चाईबासा-सरायकेला सड़क पर वाहन की चपेट में आए

PHOTON NEWS CHAIBASA:
पश्चिमी सिंहभूम जिला के मुख्यालय चाईबासा स्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर तीन बंदी रविवार की रात भाग निकले। भागने के क्रम में तीनों बंदी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह जख्मी हो गए। तीनों को जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल के हड्डी रोग वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों रेप और हत्या जैसे जघन्य कांड के आरोपित हैं और मूल रूप से सरायकेला थाना क्षेत्र के निवासी हैं। बाल सम्प्रेक्षण गृह से भागने के बाद तीनों सरायकेला जा रहे थे। इसी क्रम में किसी वाहन की चपेट में आ गए। एमजीएम अस्पताल में पहुंचने पर जब पता चला कि तीनों बाल बंदी हैं और सम्प्रेक्षण गृह से भागे हैं तो तत्काल इसकी सूचना चाईबासा पुलिस को दी गई। मुफस्सिल थाना प्रभारी रंजीत उरांव ने एमजीएम अस्पताल जाकर तीनों की स्थिति का जायजा लिया है। तीनों की हड्डी टूट गयी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हत्या और दुष्कर्म जैसे मामले में सरायकेला पुलिस ने उन्हें निरुद्ध किया था। चाइबासा के बाल सम्प्रेक्षण गृह में इन लोगों ने सप्ताह भर पहले भागने की योजना बनाई। रविवार को मध्य रात्रि के बाद करीब एक बजे तीनों चुपचाप 12 से 15 फीट ऊंची दीवार फांदकर फरार हो गए। हालांकि तीनों के मिल जाने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है। चाईबासा के बाल सुधार गृह में 60 से अधिक बंदी हैं। इनमें से 10-12 बंदी 18 आयु वर्ष के करीब हैं। ये बंदी गृह में आए दिन बदमाशी करते हैं। पूर्व में इन्हें सिमडेगा भेजने की तैयारी थी।

> तीन बंदियों के बाल सम्प्रेषण गृह से भागने की सूचना मिली थी। तीनों भागने के क्रम में सरायकेला मार्ग पर जख्मी होकर जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में भर्ती हुए हैं। ये लोग किन परिस्थिति में भागे, इसकी जांच की जा रही है।
> -आशुतोष शेखर, पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम।

वर्कर्स कॉलेज में बीकॉम छात्रों का हुआ परिचय सत्र

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के कॉमर्स विभाग द्वारा बीकॉम सेमेस्टर-क के छात्रों के लिए सोमवार को इंटरैक्शन मीटिंग हुआ। प्राचार्य डॉ. सत्यप्रिय महालिक की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. प्रभात कुमार पाणि थे, जो कोल्हान यूनिवर्सिटी के पूर्व परीक्षा नियंत्रक और वित्त पदाधिकारी रह चुके हैं। इनके द्वारा छात्रों को चारवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीके मिश्रा डॉ. एके सिंह, डॉ. एसी पाठक, डॉ. मोनीदीपा दास, डॉ. संजू, डॉ. मीतू आहूजा और मालिका उपस्थित थे।

भाजपा के खिलाफ सुखराम कर रहे झूठा प्रचार: शशिभूषण सामड

प्रेस कांफ्रेंस करते शशिभूषण सामड ● फोटोन न्यूज

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर के पूर्व विधायक शशिभूषण सामड ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चक्रधरपुर के विधायक सह झामुमो के पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुखराम उरांव पर भाजपा के खिलाफ झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया है। सामड ने कहा कि विधायक ग्रामीण कार्य विभाग के प्रमुख अभियंता रांची को विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही में अनियमितता की शिकायत को लेकर परेशान हैं। वह शिकायत केवल संबंधित विभाग के अधिकारी को की गई है, ताकि टेंडर में हुई गड़बड़ी पर कार्रवाई हो सके। ईडी या सीबीआई से जांच कराने की बात निराधार है। विधायक को तथ्यों के साथ बात करनी चाहिए, मनगढ़ंत बातें कर जनता को दिग्भ्रमित नहीं करना चाहिए। वहीं, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी ने कहा कि लोकसभा का चुनाव अलग है और विधानसभा का चुनाव अलग है। झामुमो इस गुमान में ना रहे कि लोकसभा चुनाव की तरह जनता विधानसभा चुनाव में भी उन्हें वोट करेगी।

एनआईटी जमशेदपुर की छात्रा को रिकार्ड 1.23 करोड़ का पैकेज

PHOTON NEWS SARAIKELA:
सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर स्थित एनआईटी जमशेदपुर के इतिहास में पहली बार किसी विद्यार्थी को 1.23 करोड़ का पैकेज मिला है। संस्थान की ओर से वर्ष 2023-24 का प्लेसमेंट रिकार्ड जारी किया गया है। जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक के सारे रिकार्ड को तोड़ते हुए बीटेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा श्रृष्टि चिरानिया को अमेरिका की कंपनी रुब्रिक ने 1.23 करोड़ प्रतिवर्ष के पैकेज पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर लॉक किया है। वह मूल रूप से बिहार के भागलपुर की रहने वाली है। पिछले वर्ष का अधिकतम पैकेज 82 लाख रुपये था। इसके साथ ही संस्थान के छह छात्रों को प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कंपनी एटलासियान ने 82 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर लॉक किया है।
यह जानकारी एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. डॉ.. गौतम सूत्रधर व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट पदाधिकारी प्रो. एके चौधरी ने दी है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अब तक 93.76 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है। वर्तमान प्लेसमेंट सत्र के आंकड़े एनआईटी जमशेदपुर के छात्रों के लिए उपलब्ध अवसरों की व्यापकता को उजागर करते हैं। प्लेसमेंट के लिए पंजीकृत 673 छात्रों (बी.टेक में) में से, 311 छात्रों ने 10 लाख रुपये से अधिक का आफर प्राप्त किया। इसके अलावा 70 छात्रों ने 20 लाख, 37 छात्रों ने 30 लाख और 11 छात्रों ने 50 लाख रुपये से अधिक का आफर प्राप्त किया। अगर औसत पैकेज की बात करें तो यह 12.63 लाख प्रतिवर्ष का रहा।



- भागलपुर की रहनेवाली श्रृष्टि को मिला यह पैकेज, रचा इतिहास
- संस्थान के छह छात्रों को मिला 82 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज
- औसत पैकेज रहा 12.63 लाख रुपये प्रतिवर्ष

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. के निदेशक पर्षद की बैठक

पूर्वी सिंहभूम में काजू व टोमैटो प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की तैयारी

- स्थानीय उत्पादों का संग्रहण, प्रसंस्करण एवं बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर हुई चर्चा

PHOTON NEWS JSR :
समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. के निदेशक पर्षद की बैठक हुई। इसमें स्थानीय कृषि एवं वनोपज आधारित प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित कर स्थानीय उत्पाद को पहचान एवं बाजार तथा किसानों की समृद्धि के लिए खासकर काजू प्रोसेसिंग यूनिट, बांस से संबंधित लघु उद्योग यूनिट तथा टोमैटो सॉस प्रोसेसिंग यूनिट अधिष्ठापन के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाते हुए विभाग को प्रस्ताव बढ़ाने का निर्देश दिया गया।
उपायुक्त ने कहा कि वनोपज के अंतर्गत काजू, बांस, इमली एवं महुआ तथा कृषि उत्पाद अंतर्गत धान, टमाटर एवं सब्जियों का प्रचुर मात्रा में जिले में उत्पादन होता है। ऐसे में जरूरी है कि किसानों के हित को ध्यान में रखकर कार्ययोजना बनाते हुए सहकारी संघ के माध्यम से सभी के समृद्धि की दिशा में कार्य किया जाए।
सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. के कार्यालय के संचालन के लिए उपस्कर क्रय को 16 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा कार्यालय के लिए भवन आवंटन एवं उसके रखरखाव पर चर्चा की गई। इसके साथ ही दैनिक कार्यों के संपादन के लिए स्थानीय व्यवस्था के तहत स्वीकृत पदों के तहत अधिकारियों, कर्मियों की प्रतिनियुक्ति को विभाग से पत्राचार करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। इसके अलावा स्थापना मद के व्यय की भी चर्चा की गई।
बैठक में सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. में शामिल कुल 20 लैम्पस सदस्यों के अलावा मुटुरखाम लैम्पस, प्रखण्ड-चाकुलिया को नए सदस्य के रूप सदस्यता के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।
बैठक में पीडी-आईटीडीए दीपांकर चौधरी, अपर उपायुक्त योगेंद्र प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो समेत पर्षद के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक करते उपायुक्त अनन्य मित्तल व अन्य ● फोटोन न्यूज

मुख्यमंत्री मंईयां योजना में बिचौलिए कर रहे वसूली, उपायुक्त हुए सख्त

- कहा-शिकायत करें, तत्काल कार्रवाई होगी ब्लैक एंड व्हाइट फोटोकॉपी भी स्वीकार्य

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में पंचायत स्तर पर मुख्यमंत्री मंईयां योजना का शिविर चल रहा है। इसमें बिचौलिए द्वारा पैसे लेकर फॉर्म बेचने की शिकायत आ रही है। इस पर उपायुक्त ने कहा कि फॉर्म निशुल्क उपलब्ध है। फॉर्म के लिए पैसे मांगे जाने पर शिकायत करें, तत्काल कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने कहा कि उक्त योजना के सुयोग्य लाभुकों को निशुल्क फॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है। अपने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका से निशुल्क फॉर्म प्राप्त करें और भरकर कैंप में जमा करें। रंगीन फॉर्म जमा करने की कोई बाध्यता नहीं है, पीडीएफ का ब्लैक एंड व्हाइट जेरोक्स कॉपी भी स्वीकार किए जाएंगे। वेबसाइट से भी फॉर्म डाउनलोड किया जा सकता है। सभी आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को निर्देश दिया गया है कि ऑनलाइन डाऊनलोड फॉर्म या पीडीएफ का ब्लैक एंड व्हाइट जेरॉक्स कॉपी या भौतिक रूप से उपलब्ध कराए फॉर्म तीनों में से कोई भी एक फॉर्म लाभुक भरकर लाते हैं तो जमा लेना है।

मानसून में रेनकोट नहीं का ऐसे रखें ध्यान

बारिश के मौसम में रेनकोट बड़े काम की चीज होती है। खासकर जब ऑफिस जाना हो या जब बच्चे स्कूल जाते हैं और तेज बारिश होने लगे तो रेनकोट का महत्व बढ़ जाता है। लेकिन बारिश के मौसम में रेनकोट का इस्तेमाल करने के बाद उसका सही से ध्यान नहीं रख जाता है तो रेनकोट ख़राब भी हो जाता है या रेनकोट के ऊपर फफूंदी के दाग भी लग जाते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें फॉलो करके आप रेनकोट को हमेशा नया बनाकर रख सकते हैं।

ऐसे करें सफाई

रेनकोट की सफाई करना काफी आसान है, लेकिन ध्यान से साफ नहीं किया गया तो रेनकोट ख़राब भी हो सकता है। इसलिए उसकी सफाई कर आपको ध्यान देने की ज़रूरत है। रेनकोट को साफ करने के लिए आपको माइल्ड डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए एक लीटर पानी में माइल्ड डिटर्जेंट को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें और रेनकोट को डालकर कुछ देर छोड़ दें। कुछ देर बाद सॉफ्ट हाथों से साफ कर लें और हवा के नीचे के रख दें।

ऐसे निकाले दाग

अगर रेनकोट पर मिट्टी या फिर फिर किसी अन्य चीज का दाग लग गया है तो आप उसे आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक बार नॉर्मल पानी से साफ कर लें। अब दाग वाली जगह पर नींबू के रस को डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। कुछ देर बाद सॉफ्ट क्लीनिंग ब्रश से दाग को साफ कर लें। साफ करने के बाद हवा के नीचे रख दें।

तेज धूप में न रखें

जी हां, अगर इस्तेमाल करने के बाद रेनकोट को तेज धूप में रखते हैं तो रेनकोट कभी भी ख़राब हो सकता है। इसलिए रेनकोट का इस्तेमाल करने के बाद तेज धूप में नहीं बल्कि फंखा के नीचे रख दें। जब रेनकोट से पानी पूरी तरीके से निकल जाए तो फिर आप उसे फोल्ड करके रख सकते हैं।

पैक करके रखने से पहले रखें ये ध्यान

ऐसा नहीं कि इस्तेमाल किया और सीधा फोल्ड करके रेनकोट को अंदर रख दिया। इससे रेनकोट कभी भी ख़राब हो सकता है। ऐसे में एक से दो-दिन सूखने के बाद ही रेनकोट को पैक करके अंदर रखें। रेनकोट पैक करने वक्त आप एक पेपर में नेप्थलीन की गोली लपेट लीजिए और अंदर रख दें। इससे रेनकोट फ्रेश रहेगा।

मानसून के मौसम में घर के अंदर होती है घुटन

तो अपनाएं ये कमाल के वेंटिलेशन डिजाइन

वेंटिलेशन एक अहम प्रक्रिया है, क्योंकि यह बासी हवा को ताजी हवा से बदल देता है। खराब वेंटिलेशन की वजह से कार्बन जमा हो सकता है और इससे घर में बैक्टीरिया भी बढ़ सकते हैं।

मानसून का मौसम खुशियों और त्योहारों का मौसम होता है, लेकिन साथ ही यह घर में घुटन और उमस का भी मौसम होता है। बंद खिड़कियां और दरवाजे, बारिश का पानी, और हवा में नमी घर के अंदर एक भारीपन सा माहौल पैदा कर सकती है। लेकिन अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुछ आसान वेंटिलेशन डिजाइन अपनाकर आप अपने घर को हवादार और खुशनुमा बना सकते हैं।

वेंटिलेशन डिजाइन क्या है

वेंटिलेशन डिजाइन, घरों में ताजी हवा के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए की जाने वाली प्रक्रिया है। इसमें कमरे से प्रदूषित हवा को बाहर निकालकर बाहर से ताजी हवा दी जाती है।

वेंटिलेशन डिजाइन के कई फायदे हैं

- ठंड के मौसम में हवा की गुणवत्ता बनाए रखना
- गर्म मौसम में तापमान को कंट्रोल करना
- नमी, धुआं, खाना पकाने की गंध, और इनडोर प्रदूषकों से छुटकारा पाना
- अटारी में गर्मी के स्तर को कंट्रोल करना
- क्रॉलस्पेस और बेसमेंट में नमी को कंट्रोल करना
- दीवारों से नमी को दूर रखना
- पानी के इस्तेमाल के कारण नमी के प्रभाव को कंट्रोल करना
- कंप्यूटिंग गैजेट से केमिकल के उत्सर्जन को कंट्रोल करना
- खाना पकाने के कारण दहन को कंट्रोल करना
- घर में गंध को कंट्रोल करना
- घर के अंदर अलग से कार्बन डाइऑक्साइड को कंट्रोल करना

घर में वेंटिलेशन के कई तरह के हो सकते हैं

नेचुरल वेंटिलेशन

खिड़कियों और दरवाजों के जरिए हवा का आना-जाना। यह वेंटिलेशन का सबसे बेहतर तरीका है। इसलिए, जब भी संभव हो, खिड़कियां और दरवाजे खोलकर ताजी हवा को घर के अंदर आने दें। विपरीत दिशाओं में खिड़कियां और दरवाजे खोलकर हवा को घर से गुजरने का रास्ता दें। छत या दीवारों में रोशनदान सेट करें ताकि ऊपर की गर्म हवा बाहर निकल सके। बाथरूम और रसोई में एयर वेंट लगाएं, जहां नमी और गंध जमा होने की संभावना होती है। घर के अंदर कुछ छोटे पौधे लगाएं जो हवा को शुद्ध करने में मदद करते हैं।

मेकैनिकल वेंटिलेशन

इसमें बाहरी पंखे, अटारी पंखे और पूरे घर के पंखे शामिल हैं। नए और मौजूदा दोनों तरह के ऊर्जा-कुशल घरों में इनडोर एयर क्वालिटी बनाए रखने के लिए यांत्रिक वेंटिलेशन की जरूरत होती है। छत के पंखे और टेबल फैन का इस्तेमाल करके हवा को घुमाएं। इसमें हीट रिकवरी वेंटिलेशन या एनर्जी रिकवरी वेंटिलेशन शामिल हैं। वेंटिलेशन एक अहम प्रक्रिया है, क्योंकि यह बासी हवा को ताजी हवा से बदल देता है। खराब वेंटिलेशन की वजह से कार्बन जमा हो सकता है और इससे इमारत में बैक्टीरिया भी बढ़ सकते हैं। इसलिए, वेंटिलेशन सिस्टम चुनते समय आपके घर के लेआउट और जरूरतों को ध्यान में रखना जरूरी है। आप इन तरीकों से अपने घर में वेंटिलेशन बढ़ा सकते हैं

- मौजूदा वेंटिलेशन सिस्टम का सही इस्तेमाल करें
- खिड़कियां या जालीदार दरवाजे खोलें
- रसोई में वेंटिलेशन पंखा लगाएं

अपने घर में वेंटिलेशन कैसे बढ़ाएं

घर और खुले स्थानों की ओर हवा लाने के लिए पेड़ लगाएं। पेड़ों को एक-दूसरे के बहुत पास न लगाएं, क्योंकि पत्ते हवा को अंदर नहीं आने देते। तेज हवाओं के दौरान नुकसान से बचने के लिए पेड़ों और घर के बीच दूरी बनाएं। पेड़ से घर की दूरी पेड़ की ऊंचाई से ज्यादा होनी चाहिए। अगर आपके घर में विंडो एयर कंडीशनर है, तो उसे चलाएं जिसमें बाहरी हवा का प्रवेश या वेंट हो। वेंट खुला रहने दें। अगर आपके HVAC सिस्टम में बाहरी हवा का प्रवेश है, तो उसे खोलें। अगर आपने छत का पंखा नहीं लगवाया है, तो खुली खिड़की के पास जितना हो सके, एक स्टैंडअलोन पंखा लगाएं ताकि हवा बाहर की ओर जाए। अच्छे वेंटिलेशन से घर में ताजी हवा आती है, हवा फ़िल्टर होती है, और हवा का प्रवाह बेहतर होता है। इससे वायरस के कण कम होते हैं और बीमारियां फैलने से रोका जा सकता है। साथ ही, हवादार घर में धूल के कणों को कंट्रोल रखा जा सकता है।

सावन के मौके पर घर के आंगन से लेकर मंदिर तक में बनाएं जा सकते हैं भगवान शिव से जुड़ी रंगोली के ये डिजाइंस

घर को सजाना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं तीज-त्योहार के मौके पर हम घर में साफ-सफाई से लेकर पूजा पाठ तक करते हुए कई चीजों का खासतौर से ध्यान रखते हैं।

सावन का महीना शुरू हो चुका है। हर सोमवार को पत्नियां अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं और भगवान शिव की पूजा करती हैं। इस दिन पाठ-पूजा भी की जाती है। इस मौके पर आप घर के मंदिर में भगवान शिव से जुड़ी कई तरह की रंगोली बनाई जा सकती हैं। सावन के खास मौके पर मंदिर में बनाने के लिए रंगोली के कुछ आसान और खास डिजाइंस।

ओम रंगोली डिजाइन

भगवान शिव का चित्र बनाना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इसके लिए आप घर के मंदिरके बाहर बड़े साइज की थाली या पूजा घर में ओम नाम: शिवाय लिख सकती हैं या केवल ओम भी रंगों या फूलों से लिख सकती हैं। रंगोली को भरा-भरा बनाने के लिए आप पहले बैकग्राउंड के लिए गोलाई में फ्रेम को तैयार करें।

शिवलिंग रंगोली डिजाइन

घर के मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा के सामने आप रंगों की मदद से शिवलिंग रंगोली के माध्यम से बना सकती हैं। इसके लिए आप काले रंग के अलावा अन्य कई रंग इस्तेमाल कर सकती हैं। शिवलिंग के साथ में आप बेलपत्र और फूल डिजाइन की रंगोली भी बना सकती हैं। बेलपत्र और फूलों के डिजाइन को 3डी बनाने के लिए माचिस की तीली की मदद लें।

त्रिशूल रंगोली डिजाइन

ओम के अलावा आप त्रिशूल के डिजाइन को डमरू के साथ में बना सकती हैं। इसके लिए आप भूरे रंग के साथ नारंगी रंग को चुनकर डिजाइन को पूरा करें। आस-पास चाहे तो बॉर्डर के लिए बेलपत्र रंगोली डिजाइन को बना सकती हैं। त्रिशूल और डमरू के आकार को डेप्थ देने के लिए आप सफेद रंग से आउटलाइन कर सकती हैं।

भगवान शिव रंगोली डिजाइन

अगर आप कला से जुड़ी व्यक्ति हैं और तरह-तरह के चित्र बनाना पसंद करती हैं तो इस तरह से नीले रंग की मदद लेकर भगवान शिव के चेहरे को रंगोली में बना सकती हैं। रंगोली के डिजाइन को पूरा करने के लिए इस तरह के चावल की मदद से बनाया चांद डिजाइन को आकर्षक भी बनाने में मदद करेगा। दीपक जलाकर आप पूजा सकती हैं।

शिवलिंग रंगोली डिजाइन

घर के मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा के सामने आप रंगों की मदद से शिवलिंग रंगोली के माध्यम से बना सकती हैं। इसके लिए आप काले रंग के अलावा अन्य कई रंग इस्तेमाल कर सकती हैं। शिवलिंग के साथ में आप बेलपत्र और फूल डिजाइन की रंगोली भी बना सकती हैं। बेलपत्र और फूलों के डिजाइन को 3डी बनाने के लिए माचिस की तीली की मदद लें।

त्रिशूल रंगोली डिजाइन

ओम के अलावा आप त्रिशूल के डिजाइन को डमरू के साथ में बना सकती हैं। इसके लिए आप भूरे रंग के साथ नारंगी रंग को चुनकर डिजाइन को पूरा करें। आस-पास चाहे तो बॉर्डर के लिए बेलपत्र रंगोली डिजाइन को बना सकती हैं। त्रिशूल और डमरू के आकार को डेप्थ देने के लिए आप सफेद रंग से आउटलाइन कर सकती हैं।

भगवान शिव रंगोली डिजाइन

अगर आप कला से जुड़ी हैं और तरह-तरह के चित्र बनाना पसंद करती हैं तो इस तरह से नीले रंग की मदद लेकर भगवान शिव के चेहरे को रंगोली में बना सकती हैं। रंगोली के डिजाइन को पूरा करने के लिए इस तरह के चावल की मदद से बनाया चांद डिजाइन को आकर्षक भी बनाने में मदद करेगा। दीपक जलाकर आप पूजा सकती हैं।

मोनोक्रोम आउटफिट में स्टनिंग दिखने के लिए इन टिप्स की लें मदद

मोनोक्रोम आउटफिट स्टाइलिंग पिछले काफी समय से चलन में है। जिन महिलाओं के लिए कलर ब्लॉकिंग या कलर व्हील को ध्यान में रखकर सही कलर चुनने में परेशानी होती है, उनके लिए मोनोक्रोम आउटफिट स्टाइल करना अच्छा ऑप्शन है। चूंकि इसमें आपको डिफरेंअ कलर्स सलेक्ट को लेकर बहुत अधिक परेशान नहीं होना पड़ता है और इसे स्टाइलिंग का सेफ ऑप्शन माना जाता है। लेकिन मोनोक्रोम आउटफिट को स्टाइल करना भी इतना आसान नहीं होता। अगर आप मोनोक्रोम आउटफिट कैरी करना चाहती हैं तो यह जरूरी है कि आप इसे स्टाइल करते समय कुछ बातों का खासतौर पर ध्यान रखें। अगर इसकी स्टाइलिंग के दौरान आपसे गड़बड़ी हो जाती है तो आपका लुक एकदम डल व बोरिंग नजर आता है। मोनोक्रोम आउटफिट की स्टाइलिंग के दौरान आपको कलर्स सलेक्शन से लेकर प्रिंट्स व पैटर्न आदि पर भी उतना ही ध्यान देना होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मोनोक्रोम आउटफिट को स्टाइल करने के कुछ बेहतरीन आईडियाज शेयर कर रहे हैं, जिसे जानने के बाद आपको अपने लुक को एन्हॉन्स करना आसान हो जाएगा-

सही हो कलर

मोनोक्रोम आउटफिट में खुद को स्टाइल करते समय जिस बात का सबसे अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, वह है कलर। आप किसी भी कलर शेड को सलेक्ट करते समय अपनी स्किन टोन व ओकेजन का खास ख्याल रखें। मसलन, अगर आप ऑफिस में मोनोक्रोम आउटफिट को स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आप व्हाइट व ब्लैक कलर को प्राथमिकता दे सकती हैं। वहीं एक पॉप लुक के लिए आप कुछ ब्राइट कलर्स व नियॉन कलर सलेक्ट करें।

लाइट व डार्क शेड

कई बार ऐसा होता है कि हम मोनोक्रोम लुक तो कैरी करना चाहते हैं, लेकिन एक ही कलर में डिफरेंट शेड्सको सलेक्ट करते हैं। इस तरह डिफरेंट शेड्स आपके लुक को खास बनाते हैं। हालांकि, इस दौरान भी आपको शेड्स को सलेक्शन स्मार्टली करना होता है। मसलन, लाइट टिंट आंख को आकर्षित करेगा और उस बॉडी पार्ट को अधिक हाइलाइट करेगा, जबकि एक डार्क शेड ध्यान भटकाएगा। इस तरह आप सही शेड सलेक्शन करें।

एसेसरीज का लें सहारा

मोनोक्रोमेटिक लुक कुछ लड़कियों को काफी बोरिंग लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही है तो आप कुछ एसेसरीज के जरिए अपने लुक को स्पाइस अप कर सकती हैं। मसलन, आप हैट से लेकर सनग्लासेस, कुछ चंकी ज्वैलरीज आदि को अपने आउटफिट के साथ पेयर करें। यह आपके लुक की एकरसता को ब्रेककरेंगे और आपके लुक को अधिक स्टाइलिश बनाएंगे।

यूं एड करें टेक्सचर

अगर आप मोनोक्रोम आउटफिट को स्मार्टली कैरी करती हैं तो इससे आप अपने लुक में टेक्सचर को भी बेहद खूबसूरती के साथ शामिल कर सकती हैं और अपने लुक को खास बना सकती हैं। मसलन, आप एक स्लीक टॉप के साथ वुलन स्कर्ट को पेयर कर सकती हैं या फिर बल्कि निट स्वेटर के साथ स्लिम या शाइनी पैंट्स को स्टाइलकिया जा सकता है और इस तरह आप खुद को स्टाइल कर सकती हैं।

फुटवियर सलेक्ट

मोनोक्रोमेटिक लुक में आपके फुटवियर भी काफी अहम् होते हैं। इसमें भी आप कलर्स का सलेक्शन इस आधार पर करें कि आप किस तरह का लुक कैरी करना चाहती हैं। मसलन, व्हाइट, ब्लू एंड ब्लैक कलर मोनोक्रोमेटिक लुक में आप मैचिंग फुटवियर कैरीकरके एक एलीगेंट लुक पा सकती हैं। वहीं, अगर आप थोड़ा एक्सपेरिमेंटल होना चाहती हैं तो ऐसे में प्रिंटेड या फिर ब्राइट व नियॉन कलर को चुन सकती हैं। यह आपके लुक को एकदम से चेंज कर देगा।

विलुप्त हुई सावन में झूला झूलने की परंपरा

आधुनिक युग ने बहुत कुछ बदल दिया। देशी किस्म की अनगिनत परम्पराएं व रीति-रिवाज विलुप्त कर दिए हैं। इस कड़ी में सावन माह में झूला झूलना भी शामिल है। एक जमाना था, जब झूलों का ग्रामीण औरतें बेसब्री से इंतजार करती थीं कि कब सावन माह का आगमन हो और वो पेड़ों पर रस्से बांधकर झूला झूलें। पर, अफसोस सावन तो हर साल आता है लेकिन झूले नहीं। आज से नहीं, बल्कि सदियों से सावन महीने का झूलों से गहरा नाता रहा है। सनातनी परंपरा के लिहाज से सावन को झूला झूलने वाला माह कहा गया है। हालांकि, झूला झूलना सिर्फ सनातन परंपरा तक ही सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक धर्म के लोग इस पर्व में सहस्त्र शामिल होते रहे हैं। समय बदला, तीज-त्यौहार और रिवायतें भी बदल गईं। साथ ही झूलों की परंपराएं भी। अब कहीं भी सावन के झूले नहीं दिखाई पड़ते। गांवों में दिख जाएं, तो बड़ी बात है। पर, याद सभी करते हैं कि सावन तो आता है लेकिन अपने साथ झूले नहीं लाता। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे झूले कहीं बीच में छूट गए हैं। इस परंपरा के विलुप्त होने के कुछ वास्तविक कारण भी हैं। घरों में आंगनों का खत्म होना, बाग-बगीचे, तालाब-पोखर नष्ट हो गए हैं। पैड़-पौधों को लगाने में लोग कंजूसी दिखाते हैं। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते आवासीय जगह सिमट गईं। बात ज्यादा पुरानी नहीं है, एकाध दशक पूर्व से झूले की परंपराएं धराशायी हुई हैं। सन-1999 के बाद जैसे ही 2000 में जमाने ने प्रवेश किया, झूले शून्यता की ओर बढ़े। दरअसल, ये ऐसा वक्त था, जहां से जमाने ने खुद को मॉर्डर्न होना आरंभ किया। तभी से पुरानी परंपराओं ने तेजी से तौबा कहना शुरू किया। फ्लैट संस्कृति का बढ़ना, कच्चे घरों की जगह पक्के मकानों का निर्माण, आमजनों की पहुंच तक फोन-मोबाइल की रीच, नई पीढ़ी का पुरानी रिवायतों से मुंह मोड़ना, जैसे कई कारण हैं। स्थिति आज ये है, झूलों का रिवाज अब इतिहास बन गया है नई पीढ़ी के लिए। मौजूदा समय की आधुनिक चकाचौंध में बुजुर्ग गुजरे जमाने को याद करके अपने मन को मसोसते हैं। बदलते वक्त को वह रोक भी नहीं सकते। उन्हें याद आते हैं उनके देखे हुए पुराने दिन, सावन में भीनी-भीनी बारिश का होना और कजरी-गाने गाकर झूला झूलती महिलाएं, हिंदी फिल्मों के बजते गाने, किसी का भी मन मोह लेते थे। ऐसा लगता है कि मानो जैसे आधुनिक मोह-माया ने हम सभी को पिंजरों में कैद कर लिया हो। हालांकि शहरों के मुबाकले ग्रामीण अंचलों में सावन माह का महत्व अब भी थोड़ा बहुत बचा है। पर ज्यादा नहीं, धीरे-धीरे गांवों में भी महानगरों जैसे हालात होते जा रहे हैं। सावन को वेद-पुराणों में पवित्र तो कहा ही गया है साथ ही दो और खास बातें जुड़ी हैं। अव्वल, बारिश और दूसरा झूला। बारिश के दीदार तो होते रहते हैं। पर, झूले कहीं दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते। अन्य वस्तुओं की भांति झूलों का जमाना रिमिक्स होकर लौटेगा, ऐसा भी नहीं लगता। गांव की सखियों का झुंड झूलों के बहाने बाग-बगीचों में मिलता था। सखी शादी होकर ससुराल भी चली जाती थी, तब झूले मिलाप का जरिया बनते थे। यही कारण था महिलाएं सावन के आने का बेसब्री से इंतजार करती थीं। बदलते युग के साथ उन्होंने इंतजार करना भी छोड़ दिया। झूले के लिए राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड व राजस्थान जैसे राज्य विख्यात थे। उनके लिए बिना झूलों के सावन अधूरा होता था। युवा लड़कियां के अलावा घरों की बूढ़ी औरतें भी सावन की फुहारों में सराबोर होती थीं। एक-डेढ़ दशक पहले जन्में युवाओं को तो नहीं पता होगा। पर, बीस-बाईस वर्ष का नौजवान जरूर झूले का इतिहास याद करता होगा कि सावन के महीने में गांव की युवतियां पेड़ों पर कैसे झूला झूलती थीं। एक मनमोहक नजारा होता था, जब झूला झूलते औरतें आपस में गीत गातीं थीं। हंसी-मजाक, ठिठोलियां करती थीं। उन लम्हों से आज के युवा तकरीबन अनभिज्ञ हैं। वो झूला और सावन पर्व के संबंध को बिल्कुल नहीं जानते। कम उम्र की लड़कियां और ब्याह शादी वाली औरतें स्थानीय लोकगीत व कजरी गाती थीं जिन्हें सुनने के लिए पुरुषों का आसपास जमावड़ा लगता था। बुजुर्ग औरतों की कजरी गवाई सुनने लायक होती थी। क्योंकि कजरी देहाती व खाटी देशी किस्म की वह विधा है जिसमें सावन, भादों के प्यार-स्नेह, वियोग, व मधुरता का मिश्रण होता था। धीमी-धीमी बारिश में कजरी गाने का मजा कुछ और ही होता था। सावन का सौंदर्य और परंपरागत कजरी की सुगंधित मिठास वर्षा बहार का जो वर्णन लोक गायन की विधा कजरी में है, वह किसी और में नहीं। लेकिन अब न झूले रहे, न कजरी को गाने वाली औरतें। दोनों परंपराओं ने एक साथ मिलकर दम तोड़ दिया। नए जमानी की कामकाजी औरतें कजरी के संबंध में कुछ भी नहीं जानती। सावन और झूलों की परंपरा का दीदार थोड़ा-थोड़ा कोरोना काल में हुआ था। जब, ऐसा महसूस हुआ कि समय खुद भागते-भागते थक गया। इसलिए कोरोना का बहाना लेकर थोड़ा ठहरा था। कोरोना महामारी के चलते लोग शहर छोड़कर गांवों में पहुंचे थे, तो उन्हें कई जगहों पर झूले लगे दिखे, उन्हें देखकर महसूस किया, कि गुजरा जमाना फिर लौट आया। औरतों ने बागों में झूले सजाए, डीजे लगवाए। बीते समय की भांति झूला झूले, गाने गाए, उनको देखकर लोगों ने खूब आनंद उठाया। बच्चों के लिए वो दृश्य एकदम नए थे। दरअसल झूले कैसे होते हैं, किस तरह झूले जाते हैं ये सब उन्होंने किताबों में ही पढ़ा है।

भयावह होंगे ईरान-इजराइल युद्ध के नतीजे

ANALYSIS

विक्रम उपाध्याय

अब ईरान के साथ हमास, इस्लामिक जिहाद के प्रतिनिधि, यमन में सक्रिय हौथी विद्रोही, लेबनान के हिजबुल्लाह और इराकी लड़ाके भी साथ आ चुके हैं और एक साथ तेहरान में बैठकर रणनीति बना रहे हैं। वे इजराइल के खिलाफ बड़ी जवाबी कार्रवाई करने का मंसूबा बना चुके हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने तो ऐलानिया, ईरान के एलीट रिवोल्यूशनरी गार्ड को सीधे आदेश दे दिया है कि वे इजराइल पर हमला करें। ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाकेरी ने स्टेट टीवी पर आकर कहा है कि ईरान और अन्य प्रतिरोध दल किस तरह से इजराइल को जवाब देंगे, इसकी तैयारी की जा रही है...। जवाब निश्चित रूप से होगा और ऐसा होगा कि इजराइल लंबे समय तक पछतावा करेगा। उल्लेखनीय है कि ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने आए इस्माइल हानिया की हत्या 31 जुलाई को तड़के कर दी गई थी।

तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद भीषण युद्ध की तैयारी शुरू हो गई है। इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की रणनीति बनाने के लिए लेबनान, इराक और यमन की सरकार, सेना और खुफिया विभाग के लोग ईरान पहुंच गए हैं। रॉयटर्स ने खबर दी है कि ईरान के साथ को लेबनान भी इजराइल को नेस्तनाबूत करने पर आमादा है, क्योंकि तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या से एक दिन पहले लेबनान की राजधानी बेरूत में इजराइल ने ही हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर की हत्या कर दी थी। अब ईरान के साथ हमास, इस्लामिक जिहाद के प्रतिनिधि, यमन में सक्रिय हौथी विद्रोही, लेबनान के हिजबुल्लाह और इराकी लड़ाके भी साथ आ चुके हैं और एक साथ तेहरान में बैठकर रणनीति बना रहे हैं। वे इजराइल के खिलाफ बड़ी जवाबी कार्रवाई करने का मंसूबा बना चुके हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने तो ऐलानिया, ईरान के एलीट रिवोल्यूशनरी गार्ड को सीधे आदेश दे दिया है कि वे इजराइल पर हमला करें। ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाकेरी ने स्टेट टीवी पर आकर कहा है कि ईरान और अन्य प्रतिरोध दल किस तरह से इजराइल को जवाब देंगे, इसकी तैयारी की जा रही है...। जवाब निश्चित रूप से होगा और ऐसा होगा कि इजराइल लंबे समय तक पछतावा करेगा। उल्लेखनीय है कि ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने आए इस्माइल हानिया की हत्या 31 जुलाई को तड़के कर दी गई थी। हत्या का आरोप सीधे इजराइल पर लगाया गया है। इस्माइल हानिया की हत्या कैसे की गई, इसे लेकर

अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि तेहरान के गेस्टहाउस में पहले से ही गुप्त रूप से तस्करी करके लाए गए विस्फोटक उपकरण से हत्या की गई। अमेरिकी मीडिया ने दो ईरानी और एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि गेस्ट हाउस में लगभग दो महीने पहले से ही बम छिपा कर रखा गया था। गेस्ट हाउस की सुरक्षा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स करते हैं। उत्तरी तेहरान के एक पॉश इलाके में नेशात नामक एक बड़े परिसर में यह गेस्ट हाउस बनाया गया था। हमास के सबसे बड़े नेता इस्माइल हानिया इसी गेस्ट हाउस में हमेशा रुकते थे। इजराइल पर किसी इस्लामी नेता की देश के बाहर जाकर हत्या करने का यह कोई पहला आरोप नहीं है, बल्कि अपने विरोधी नेताओं की हत्या का इजराइल का लंबा इतिहास रहा है। 1990 के दशक के मध्य में इजराइली खुफिया सेना ने हमास के मुख्य विस्फोटक विशेषज्ञों में से एक याह्या अय्याश की हत्या कर सनसनी मचा दी थी। 5 जनवरी, 1996 को गाजा शहर में अय्याश को इजराइल ने मार गिराया था। एक फोन कॉल के दौरान उसका सेलफोन फट गया और वह मर गया। इजराइल की आंतरिक सुरक्षा सेवा शिन बेट ने तब दूर से ही विस्फोट करा दिया था। इसी तरह हमास की सैन्य शाखा अल-खस्साम ब्रिगेड के संस्थापकों में से एक सलाह शेहादेह को 22 जुलाई, 2002 को गाजा शहर में उसके घर पर ही हवाई हमले कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इजराइल ने फिलिस्तीनी इंतिफादा (विद्रोह) के शेख अहमद यासीन की भी हत्या कर दी थी। यासीन की हत्या के एक महीने से भी कम समय बाद, इजराइल की हत्या मशीन ने उनके उत्तराधिकारी अब्देल अजीज अल-रंतिसी को भी निशाना बना लिया। 56 वर्षीय रंतिसी को 17 अप्रैल, 2004 को इजराइली सेना ने एक लक्षित मिसाइल से मार डाला था। हमास का एक और शीर्ष कमांडर अहमद जबारी भी इजराइली हत्या मशीन का शिकार बना। अल-कस्साम ब्रिगेड के ऑपरेशनल कमांडर जबारी की नवंबर 2012 में गाजा शहर में एक कार पर हमले में मौत हुई थी। वरिष्ठ हमास अधिकारी सालेह अल-अरोरी की भी जनवरी 2024 में लेबनान की राजधानी बेरूत के दहियाह में ड्रोन हमले में इजराइल ने खत्म कर दिया। 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमले के साथ शुरू हुआ युद्ध का यह नया अध्याय कहां जाकर रुकेगा यह कहना अब मुश्किल है। इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि हमास के सभी नेताओं की मौत तक युद्ध नहीं रुकेगा। उन्होंने यह भी ऐलान किया था कि हमास के लोग चाहे कहीं भी हों, उन्हें ढूंढ कर मार दिया जाएगा। शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार भी यह कहते सुने गए कि हमास के नेताओं को गाजा में, पश्चिमी तट में, लेबनान में, तुर्किये में, कतर में, हर जगह मार दिया जाएगा। हमास नेता इस्माइल हानियाय की अंतिम यात्रा में जिस तरह हजारों लोग तेहरान की सड़कों पर उमड़ पड़े, उससे ईरान पर उनकी हत्या का बदला लेने का दवाब और बढ़ गया है। ईरान के नए राष्ट्रपति कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। पूरे ईरान में हानिया के पोस्टर बांटे गए और फिलिस्तीन, लेबनान के हिजबुल्लाह व हमास के झंडे हवा में लहराए गए। दिवंगत ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी के भी बैनर लहराए गए, जिन्हें 2020 में अमेरिका ने एक ड्रोन हमले के जरिए मार गिराया था। मेहमान के खून का बदला मेजबान ईरान लेगा, इस तरह की हेडिंग अखबारों में खूब छप रही हैं। तेहरान के दक्षिण में शिया शहर कोम की मशहूर जामकरन मस्जिद पर लाल झंडा फहराया गया, ताकि खून के वादे को दिखाया जा सके। तेहरान की मिलाद टॉवर पर भी रात भर लाल रंग की लाइटें जगमगाती रहीं। जैसे-जैसे इस क्षेत्र में व्यापक युद्ध का खतरा मंडरा रहा है, वैसे-वैसे इस संघर्ष के विस्तार को लेकर लोग चिंतित भी नजर आ रहे हैं। युद्ध कितना भीषण और लंबा होगा यह काफी हद तक ईरान की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। अगर ईरान के किसी हमले में इजराइली मारे जाते हैं, तो यह खतरनाक रूप ले सकता है, क्योंकि इजराइली किसी को भी बख्शने के लिए तैयार नहीं हैं। 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में घुसपैठ कर जिस फिलिस्तीनी गुट दौरान 1,139 लोग मार डाले, इजराइली उस समूह को पूरी तरह कुचल देने का ऐलान कर चुके हैं। उसी के तहत हानिया और अन्य हमास नेताओं को मारने का क्रम जारी है। यदि ईरान भी इसी तरह का कोई ऑपरेशन करता है तो इजराइल को रोकना एक मुश्किल काम होगा अमेरिका यह कह रहा है कि उसे हानिया पर हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं है और ना थी, लेकिन यदि कोई उसे लेकर इजराइल पर हमला करता है तो वह उसके बचाव में सीधे आ सकता है। हालांकि कुछ मध्यस्थों के माध्यम से अमेरिका, ईरान को यह समझाने की कोशिश कर रहा है कि वह इजराइल पर हमला न करे। लेकिन ईरान ने जोरदार तरीके से इसे खारिज कर दिया है।

लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।

एक श्वांस की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू

आप कहेंगे एक अत्यंत गंभीर शब्द श्वांस के साथ रमेश बाबू जैसा फिल्मी संवाद जोड़कर में क्यों आखिर एक गंभीर विषय को हास्य का विषय बनाना चाहता हूं? किंतु अपना भ्रम दूर कर लीजिए यह संवाद भी किसी हास्य का विषय नहीं बल्कि अत्यंत गंभीर चिंता और उससे अधिक चिंतन का विषय है। यह संस्मरण लिखने का एकमात्र कारण यह कि अनेक वर्षों के बाद भी हम सब अपनी मानवीयता से ओतप्रोत ज्ञान परंपरा का गौरव करने के बाद भी पश्चिमी जगत से कुछ बातें अब तक नहीं सीख पाए। हां !! मैं मानता हूं कि हमारी ज्ञान परंपरा में अत्यंत समृद्ध जीवन विज्ञान भरा पड़ा है किंतु यदि उसको हमने अपने जीवन में अंगीकार नहीं किया तो पुरखों की संपूर्ण तपस्या धूल धूसरित होने में समय नहीं लगता। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण विषय सीपीआर अर्थात कृत्रिम श्वांस देने का है। पश्चिमी जगत से तुलना इसलिए कर रहा हूं क्योंकि संपूर्ण पश्चिमी दुनिया में बच्चों को बाल्यकाल से ही शिशु कक्षाओं में आते ही सीपीआर देने का महत्व और उसकी प्रक्रिया समझा दी जाती है किंतु भारत में हमको विद्यालय स्तर पर ऐसा कोई उपक्रम संपादित होते दिखाई नहीं देता। यह सब बातें दरअसल इसलिए ध्यान में आई कि विगत दिनों परिवार के ही एक विवाह समारोह में एक अप्रत्याशित घटनाक्रम हुआ। उस विवाह समारोह में जबकि सब कुछ आनंदपूर्वक चल रहा था। परिवार के सैकड़ों परिजन भोजन, नृत्य और संगीत का आनंद ले रहे थे कि अनायास इंद्र देवता प्रसन्न हुए। रुक - रुककर वर्षा ने पूरे कार्यक्रम में थोड़ी सी असहजता पैदा की किंतु जल्दी ही संपूर्ण व्यवस्थाएं पुनः सुचारू रूप से संचालित होने लगी। एक नवयुवक जिसकी अवस्था मुश्किल से 18-20 वर्ष की रही होगी एक स्टॉल की तरफ रखे कूलर को ठीक करने के लिए गया। इसे उस तरुण का दुर्भाग्य ही कहूंगा कि वह जैसे ही पानी के डबरे कूलर के पास पहुंचा अचानक बिजली का एक तार मैदान में छू गया। अचानक तेज विद्युत प्रवाहित हुई और एक झटके में युवक जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। कुछ ही सेकंड में भयभीत जन समूह ने देखा कि वह युवा न केवल अचेत हो चुका है बल्कि उसकी जीभ भी बाहर की ओर लटक गई। आनन-फानन में विद्युत प्रवाह को बाधित किया गया किंतु अब एक शिक्षित समाज की परीक्षा प्रारंभ हुई। आमतौर पर भारतीय समाज में जैसा होता है उस युवा को घेर कर सारे लोग या तो भय के वशीभूत केवल मुक दर्शक बने थे या कुछ जागृत लोगों ने मोबाइल निकाल कर फोटो और वीडियो बनाना प्रारंभ कर दिए थे। इतना ही नहीं तो अनेक लोग जिस दिशा से कूलर की हवा आ रही थी उस हवा को रोक कर बड़े आराम से उस युवक को मृत्यु के मुख में जाते हुए देख रहे थे। अनायास एक तेजस्वी स्त्री स्वर वातावरण में तैर गया। यह स्वर क्रीडा क्षेत्र की जानी-मानी तैराक सुश्री कविता रावल का था। कविता ने वैसे तो अब तक सैकड़ों बालक, बालिकाओं और महिलाओं को तैराकी सिखाई है पर अभी तो उसका क्रोध चरम पर था- भीड़ छोड़कर सारे लोग दूर हट जाइए और कम से कम कूलर से आने वाली हवा को मत रोकिये। उसके क्रोधित चेहरे से जो तेज टपक रहा था उसने पूरे वातावरण को एकदम से सकते में ला दिया। देखते ही देखते न केवल भीड़ छंट गई बल्कि कूलर की ठंडी हवा भी उस युवा के चेहरे पर आने लगी। तत्क्षण कविता ने उस युवा के सीने पर पंप देना शुरू किया और सीपीआर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मुझे स्मरण आ रही थी अनेक धर्म कथाओं में कथा वाचकों के माध्यम से व्यास पीठ से सुनी कुछ दार्शनिक बातें। वे विषय सुनते हुए ऐसे वाक्य विन्यास कानों में पढ़ते रहे हैं - मनुष्य को जीवन ईश्वर ने निश्चित करके दिया है। एक-एक श्वांस का हिसाब प्रभु रखते हैं। कोई मनुष्य कितना ही धनवान हो या कितना ही गरीब, कितना ही शक्तिशाली हो या निशक्त अपनी एक भी श्वांस को वह ना तो बढ़ा सकता है और न घटा सकता है। यही कारण है कि जीवन मृत्यु पर मनुष्य का आज तक बस नहीं चला। मनुष्य देह धारण करके जगत में आता है तो प्रभु की इच्छा से और जाता भी है तो प्रभु की इच्छा से। परंतु..... आज ईश्वर की बनाई एक कृति कविता ईश्वर के ही बनाए हुए विधान को चुनौती तो नहीं दे रही थी पर ईश्वर का एक संदेश जरूर उस पूरे जन समूह में प्रसारित कर रही थी कि मनुष्य को जीवन जीने की अंतिम आस तक संघर्ष करते रहना चाहिए। संभवतः ईश्वर ने किसी व्यक्ति को और जीने का प्रसाद दिया हो और हम मनुष्यों की जिजीविषा,साहस और प्रत्युत्पन्नमति की कमी के कारण शायद वह समय से पूर्व दुनिया छोड़ रहा हो। कविता रावल ने जब उस युवा को लगातार सीने पर पंप करना शुरू किया और कृत्रिम श्वांस देने की विधि संपन्न करती चली जा रही थी। ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले जो कविता साक्षात दुर्गा का स्वरूप धारण किए हुए थी वह थोड़ी ही देर में ममतामई मां कौशल्या और यशोदा की तरह उस बच्चे को जीवन प्रदान करने के लिए अपनी श्वासों का नेह आशीर्वाद स्वरुप प्रदान रही थी। युवा पुनर्जीवन प्राप्त कर चुका था।विवाह की खुशियों पर लगता ग्रहण अचानक छंट गया था। प्रसन्नता की लहर चारों ओर फैल गयी थी। बाद में उस युवा के परिजनों की कृतज्ञता की कल्पना हम कर सकते हैं। नागर समाज ने कविता रावल को 'नागर वीरांगना सम्मान' से सम्मानित भी किया। समाज में बाद में सम्मानित होना यह तो एक सहज प्रक्रिया है किंतु कविता ने समाज जनों से आग्रह किया कि कृत्रिम श्वांस देने की यह प्रक्रिया समाज के सभी स्त्री, पुरुषों, युवाओं और बच्चों को ज्ञात होनी चाहिए। उन्होंने अपने सम्मान के प्रति उत्तर में यह आग्रह किया कि मेरा वास्तविक सम्मान तब होगा जब एक बड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम रख कर आप सब भी इस प्रक्रिया में पारंगत हो सकें।

Social Media Corner

सच के हक में...

देशवासियों को इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई! विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में ऊर्जा के क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता बहुत महत्वपूर्ण है। गैस उत्पादन का यह रिकॉर्ड इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

कामगार परिवारों के परंपरागत कौशल में भारत की सबसे बड़ी पूंजी छिपी है। पिछले दिनों सुल्तानपुर से वापस आते वक्त रास्ते में जूतों के कारीगर रामचेत जी से मुलाकात हुई थी, उन्होंने मेरे लिए प्रेम भाव से अपने हाथों से बनाया एक बहुत ही कम्फर्टेबल और बेहतरीन जूता भेजा है। देश के कोने-कोने में अलग-अलग स्किल वाली ऐसी करोड़ों प्रतिभाएं हैं। अगर इन भारत बनाने वालों को जरूरी समर्थन मिले तो वह अपनी ही नहीं, देश की भी तकदीर बदल सकते हैं।

(राहुल गांधी का 'एक्स' पर पोस्ट)

सभी शिव भक्तों को पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवारी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बाबा बैद्यनाथ की कृपा सभी भक्तजनों पर बनी रहे। हर हर महादेव!

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

राहुल बाबा की चक्रव्यूह रचना

यह समझना मुश्किल है कि कांग्रेस की विरासत ही कांग्रेस के विपरीत है या राहुल गांधी का फोकस कहीं और है। वैसे तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद में बजट पर बोलना था, लेकिन उन्होंने महाभारत कालीन चक्रव्यूह का नया रूपक ही गढ़ दिया। हजारों साल पुराने चक्रव्यूह में अभिमन्यु को घेर कर मार दिया गया था। उसका नियंत्रण द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण, कृतवर्मा, अश्वत्थामा और शकुनि के हाथों में था। राहुल गांधी के मुताबिक आज का चक्रव्यूह भी प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सरसंघचालक मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आदि आठ हाथों में है। दो शेष नाम देश के बड़े उद्योगपतियों के हैं, जिनका नाम सदन में नहीं लिया जा सकता था। स्पीकर ओम बिरला ने भी नियमों का हवाला दिया, लेकिन राहुल गांधी उनका एक बार नाम ले चुके थे। फिर उन्हें ए-1, ए-2 नामकरण दिया। सवाल यह है कि राहुल गांधी ने यह रूपक क्यों गढ़ा? क्या आज का चक्रव्यूह भी किसी को हताहत करने को रचा गया है? संसद में ऐसी हिंसकवादी राजनीति के कोई मायने नहीं हैं, लिहाजा स्पीकर नेता प्रतिपक्ष को बार-बार सलाह देते रहे कि एक बार और सदन के नियमों को नेता प्रतिपक्ष पढ़ लें। जाहिर है कि राहुल गांधी बार-बार नियमों का उल्लंघन करते रहे हैं। बहरहाल नए चक्रव्यूह के संदर्भ में जवाब राहुल ही देंगे, लेकिन उनकी राजनीति समझ में जरूर आती है कि 2024 के आम चुनाव की तरह वह अब भी एक नेरेटिव देश में फैलाना चाहते हैं। वह नेरेटिव भाजपा के हिंदुत्व और सवर्णवाद की काट साबित हो सकता है, ऐसी राहुल गांधी की उम्मीद है। उनकी राजनीति जातीय जनगणना की है, जबकि कांग्रेस में उनके पुरखे ऐसे जातिवाद के खिलाफ थे और ऐसी जनगणना को कभी भी लागू नहीं किया। उन्होंने अपने 46 मिनट के भाषण का सारांश यह रखा कि गरीब, पिछड़े, दलित, युवा, किसान समेत पूरा देश भय के चक्रव्यूह में है। अग्निवीरों को भी चक्रव्यूह में फंसाया गया है। प्रधानमंत्री जिस कमल के फूल (भाजपा का चुनाव चिह्न) को लहराते रहते हैं, उसी के आकार वाला चक्रव्यूह है। यहां नेता प्रतिपक्ष ने अपनी सियासत के मुताबिक हिंदू धर्म का अपमान किया है। भाजपा ने यूं पलटवार करते हुए कहा है कि जिस फूल को ब्रह्मा जी,देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती ने अपना आसन बनाया, पवित्रता के प्रतीक उसी फूल को राहुल गांधी ने हिंसक करार दिया। यह धार्मिक अपमान राहुल की राजनीति के मुताबिक है। नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर संभवतः 2.5 प्रतिशत ही बोला। सिर्फ शिक्षा का आवंटन ही उन्हें याद रहा। बजट की हलवा सेरेमनी में भी उन्होंने जातिवाद को घुसेड़ कर कहा कि जो 20 अधिकारी देश का बजट तैयार करते हैं, उनमें कोई भी ओबीसी, दलित या आदिवासी अफसर नहीं है,जबकि इन समुदायों की आबादी देश की 73 प्रतिशत है। सिर्फ 2-3 प्रतिशत लोग ही हलवा बनाते हैं, वे ही बांटते हैं और वे ही खा जाते हैं। देश की 73 प्रतिशत आबादी को हलवा नहीं मिल रहा है। राहुल का कथन देश के संसाधनों और शक्तियों की व्याख्या कर रहा है। उनका जातिवाद भी इसी आधार पर टिका है कि जो देश में बहुसंख्यक हैं, वे ही वंचित और विपन्न हैं। शायद राहुल गांधी को यह याद नहीं रहा कि बजट से जुड़ा राजनीतिक हलवा तो बीते 70 सालों से अधिक समय से बांटा जा रहा है। इस दौरान सर्वाधिक सरकारें कांग्रेस की रही हैं। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2011 की जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराई गई थी। उसके आंकड़े सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? कर्नाटक में जब सिद्धारमैया पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने जातीय जनगणना कराई थी। आज भी वह मुख्यमंत्री हैं, लेकिन जातीय जनगणना के आंकड़े आज तक भी जारी नहीं किए गए।

एक युद्ध की आशंका

पश्चिम एशिया में एक बडे.युद्ध का तनाव इतना बढ़ गया है कि उसकी आंच भारत तक पहुंचने लगी है। यह गौर करने की बात है कि इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते एअर इंडिया ने शुक्रवार को इजरायल के तेल अवीव से आने और जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को 8 अगस्त तक के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। क्या भारत सरकार को कोई खुफिया सूचना मिली है? क्या ईरान या इजरायल से चेतावनी आई है? एक हद तक इन दोनों ही देशों से भारत के ठीकठाक कामकाजी संबंध हैं, अतः भारत के पास अगर युद्ध की पूर्व सूचना आई हो, तो आश्चर्य नहीं। अगर युद्ध की आशंका न हो, तो एअर इंडिया के ताजा कदम को कैसे समझा जाए? ध्यान देने की बात है, फलस्तीन के नाम पर संघर्ष कर रहे आतंकी संगठन हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनियेह की 31 जुलाई को ईरान में हत्या कर दी गई थी, जिसका आरोप सीधे इजरायल पर लगाया गया था। यह बात भी गौर करने की है कि ईरान ने हनियेह के खून का बदला लेने की कसम खाई है। ईरान की नाराजगी को इस बात से समझा जा सकता है कि ईरान में इजरायल की यह कोई पहली हिंसक कार्रवाई नहीं है। वास्तव में, इजरायल ने अपने लोगों की हत्या का बदला लेने के लिए अभियान छेड़ रखा है। गुरुवार 1 अगस्त को ही इजरायली रक्षा बलों ने हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दैफ की मौत की पुष्टि की है, जिसे इजरायल 7 अक्तूबर के हमले का मास्टरमाइंड मानता है। आशंका है कि गाजा में ताजा जंग को हमास के इस सैन्य प्रमुख ने ही अंजाम दिया था। खबर आई है कि उसे गाजा में ही 13 जुलाई को मार दिया गया था। लगातार बदले से केवल ईरान ही नहीं, अन्य इस्लामी देशों में भी आक्रोश का आलम है। अरब देशों के अलावा चीन और पाकिस्तान ने भी प्रमुखता से इजरायल की निंदा की है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Heart attack among techies in 30s: How overwork, 70-hour week and stress can damage your heart

